CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हिंदी और तमिल की समानस्रोतीय

भिन्नार्थी शब्दावली

(एक शोध प्रबंध)

3909
24.4.70

State Museum Library • Lucknow •

लेखक
वी. रा. जगन्नाथन

891.43
ज हिं

केन्द्रीय हिंदी संस्थान
आगरा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

STATE MUSEUM, LUCKNOW
LIBRARY

Acc. No. 3909

Book No. 891·43
ज ते

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हिंदी और तमिल की समानस्रोतीय

भिन्नार्थी शब्दावली

(एक शोध प्रबंध)

लेखक

वी. रा. जगन्नाथन



केन्द्रीय हिंदी संस्थान

आगरा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

प्रकाशक :
केन्द्रीय हिंदी संस्थान
नया आगरा,
आगरा–5

891.43
ज हि

3909

तिथि ;
अगस्त, 1969

मुद्रक :
मेहरा आफसेट प्रेस, आगरा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

आमुख

केन्द्रीय हिंदी संस्थान में पिछले पांच वर्षों से भाषा शिक्षण की वैज्ञानिक विधियों के व्यापक अनुसंधान के अंतर्गत जो आधारभूत और तुलनात्मक शोध का कार्य आरम्भ किया है, उससे हिंदी और भारतीय भाषाओं के उच्च अध्ययन और अनुसंधान में अभिरुचि रखने वाले विद्वान अब अपरिचित नहीं हैं। अपने अनुसंधान विभाग में अनुसंधान सहायकों द्वारा संस्थान ने जो शोध-कार्य किया है, वह अंशतः प्रकाशित भी हुआ है। श्री वी. रा. जगन्नाथन द्वारा 'हिंदी की आधारभूत शब्दावली' पर लिये गये कार्य का भाषा-जगत में स्वागत हुआ है।

संस्थान के प्राध्यापक विद्यार्थियों और अनुसंधान सहायकों के शोध-कार्यों का पथ-प्रदर्शन करने के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप में भी महत्त्वपूर्ण विषयों पर अनुसंधान कार्य करते हैं। मुझे प्रसन्नता है कि हम इस प्रकार किये जा रहे कार्यों का पहला प्रकाशन 'हिंदी और तमिल की समानस्रोतीय-भिन्नार्थी शब्दावली के रूप में कर रहे हैं। भारतीय भाषाओं में तमिल ही एक ऐसी भाषा है, जिसकी प्राचीनता प्रायः संस्कृत की प्राचीनता से भी अधिक बतायी जाती है। यह भी सर्वमान्य तथ्य के रूप में स्वीकार किया जाता है कि भारतीय भाषाओं में तमिल संस्कृत से बहुत कम प्रभावित हुई है और उसने अपनी पृथक प्रकृति और प्रतिभा को आश्चर्यजनक रूप में स्वतंत्र और विशुद्ध (!) बनाये रखने का प्रयत्न किया है। परंतु भाषा की 'पृथकता', 'स्वतंत्रता' और 'विशुद्धता' को अधिक से अधिक सापेक्ष रूप में ही स्वीकार किया जा सकता है। प्रस्तुत शोध प्रबंध के लेखक श्री जगन्नाथन की मातृभाषा तमिल है, वे कुंभकोणम के निवासी हैं, जिसे तमिल प्रदेश के हृद्देश का अंग कहा जा सकता है। उन्होंने तमिल के अतिरिक्त दक्षिण की दो अन्य भाषाओं-कन्नड़ और मलयालम का भी गहरा अध्ययन किया है। हिंदी के विशेष अध्ययन के साथ भाषा-विज्ञान के गंभीर अध्ययन के फलस्वरूप उनकी दृष्टि तमिल की शब्दावली की प्रकृति को जानने की ओर आकृष्ट हुई और उन्होंने हिंदी और तमिल की शब्दावली के तुलनात्मक अध्ययन का कार्य अपने हाथ में लिया। हम और वे भलीभाँति जानते थे कि यह कार्य कठिन है और इसे कुछ लोग दुस्साहस कह सकते हैं। परंतु श्री जगन्नाथन ने बड़े परिश्रम के साथ अपने विविध रूपों और अर्थों में तमिल के लगभग 850 शब्दों को ढूँढ़ निकाला, जिनके बारे में वे प्रामाणिक रूप में यह कह सके कि वे शब्द जिन स्रोतों से आये हैं, वे ही हिंदी के भी शब्द-स्रोत हैं। श्री जगन्नाथन का अध्ययन गंभीर परिश्रम का प्रमाण तो है ही, साथ-साथ वह एक ऐसे तथ्य को प्रकाशित करता है, जिसके विषय में भाषाविज्ञान के क्षेत्र में अब तक अनुमान और संदेह ही रहे हैं और जिनका प्रमाणों के अभाव में विश्वास करना संभव नहीं था।

श्री जगन्नाथन ने अपने शोध-प्रबंध में अध्ययन की जिस प्रविधि को अपनाया है, वह इस प्रकार के अध्ययनों को दिशा-दान कर सकती है। केंद्रीय हिंदी संस्थान में अन्य भारतीय भाषाओं के भी इसी प्रकार के अध्ययन किये जा रहे हैं। ये अध्ययन स्वयं अपने में शैक्षणिक महत्त्व के तो हैं ही, भाषा के शिक्षण और अध्ययन की दृष्टि से भी ये अत्यंत उपादेय होंगे। हिंदी और तमिल के समान स्रोतीय-भिन्नार्थी शब्दावली को विद्वानों और अध्येताओं के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए हम विश्वास करते हैं कि वे इसकी सराहना करेंगे और हमें उसके संबंध में सत्यपरामर्श देकर उपकृत करेंगे।

व्रजेश्वर वर्मा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

State Museum Library Lucknow

विषय सूची

0 .	0		भूमिका	1
	1		अध्ययन	1
1 .	0		शब्द और अर्थ का संबंध	1
	1		शब्द	1
	2		प्रतीक	2
	3 .	0	अर्थ के संप्रदाय	2
		1	परम्परावादी सिद्धान्त	2
		2	सस्युर–स्वीट	2
		3	ऑग्डन-रिचर्ड्स	3
		4	ब्लूमफ़ील्ड	3
		5	फ़र्थ-हैलिडे	3
		6	चॉम्स्की-कैट्स-फ़ोड़र	4
		7	सपीर-वोर्फ़-पाइक	4
1 .	4 .	0	अर्थ और अर्थ-सूचक	4
1 .	5 .	0	अर्थ की अवस्थिति	5
		1	शब्द और अर्थ	6
		2	वाक्य और अर्थ-प्रत्यय-विधान	6
		3	भाषा के अंग और अर्थ	6
		4	अर्थ और संरचनात्मक शब्द	7
		5	अर्थ के वर्ग	7
1 .	6 .	0	अर्थ संरचना-समकालिक, वर्णनात्मक	7
		1	अर्थ के निम्न स्तरों का सिद्धान्त	8
	.	1	अर्थ संरचना-ऐतिहासिक	8
1 .	7		शब्द का प्रकार्य	8
1 .	8		अर्थ के पाँच मूलाधार	10
		1	पर्याय	10
		2	विलोम	10
		3	अर्थ वर्ग	11

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

1 . 8 . 4	**सह संबंध**	12
5	शब्दान्वयन	14
5 . 1	मुहावरे	14
6	अर्थ-संरचना-परिभाषा	14
2 . 0	**शब्दावली की तुलना**	15
1	संरचना का स्वरूप	15
1 . 1	अर्थ-क्षेत्र और तुलना	15
2	पारिवारिक शब्द (cognates)	16
2 . 0	स्रोतीय शब्द––तुलना के अन्य आधार	16
3 . 0	शाब्दिम-शब्द रूप	16
1	बद्ध पद	17
4 . 0	स्रोत के आधार	17
1	ध्वनि	17
2	पदग्रामीय व्यवस्था	17
3	**अर्थ**	18
4	वितरण	18
5	बाह्य साक्ष्य	19
1	प्रत्यक्ष ज्ञान	19
2	इतिहास	19
3	भ्रामक व्युत्पत्ति	19
4	अर्थावशेष	19
5	अन्य भाषाएँ	19
6	अनुमान	19
1	छूटे हुए शब्द (residue words)	20
3 . 0	**अर्थ की तुलना**	20
1	कठिनाइयाँ	20
2	अर्थ भेद	20
3	प्रतीक-अर्थ संबंध	20
4	अर्थ की आंतरिक प्रकृति	21
5	अर्थ निर्धारण	21
6 . 1	नये शब्द रूप	22
2	पारिभाषिक शब्द	22
7	शब्द ध्रुवीकरण	22
8	शब्द रूप और आर्थिम	23
9	प्रतीकांतरण (code transfer)	23
10	अर्थ क्षेत्र और अनुभव साम्य	23
11	शब्द-अर्थ क्रम का सामंजस्य	24

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

	12	अर्थ का चक्रीकरण	24
	13	'हद' का वृक्ष चित्र	24
	14	शब्द-अर्थ क्रम	26
4 .	0	**कार्य की समस्याएँ**	26
	1	कार्य क्षेत्र निर्धारण	26
	2	अर्थांकन	26
	3	स्रोत निर्धारण	27
	4 . 1	अर्थ निर्धारण	27
	2	संदेह	27
	5 . 1	संरचना का स्वरूप	28
	2	शब्द-वर्ग	28
	3	संज्ञा-विशेषण-क्रिया विशेषण का संबंध	28
	6 . 0	कार्य का स्थायित्व	29
5 .	0	**निष्कर्ष**	29
		(I) शब्द-सूची	33
		(II) संकेत सूची	72
		(III) शब्द-निर्देशिका	74
		(IV) उच्चारण सम्बन्धी निर्देशिका	83
		(V) तमिल-हिंदी के समानार्थी शब्द	85

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

भूमिका

0.0 प्रस्तुत शीर्षक विषय केन्द्रीय हिंदी संस्थान में अध्यापकों की वैयक्तिक शोध परियोजना के रूप में चलाया गया। सन् 1965 की फ़रवरी में आंध्र और मैसूर के हिंदी के अध्यापक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लेने संस्थान आये थे। उस समय, संस्थान के निदेशक के आदेशानुसार, उनकी सलाह से मैंने सोचा कि दक्षिण की भाषाओं और हिंदी के समान स्रोतीय, किंतु भिन्नार्थी शब्दों की सूचियाँ तैयार की जायें। इस कार्य के पीछे तीन प्रमुख उद्देश्य थे। एक, इन सूचियों से परस्पर दोनों भाषाओं के शिक्षण कार्य में अध्यापकों और विद्यार्थियों को सुविधा होगी, ये उनके पास सहायक ग्रंथ (desk book) की तरह रहेंगी। दो, संस्थान में पारंगत परीक्षा के एक प्रश्नपत्र-तुलनात्मक व्याकरण के छात्राध्यापकों को और भाषा में रुचि रखने वाले विद्वानों को शोध की नयी दिशा मिलेगी। तीन, भारतीय भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन का क्षेत्र विस्तृत होगा और भाषाएँ एक दूसरे के अधिक निकट आयेंगी। इन तीनों उद्देश्यों को दृष्टि में रखकर यह कार्य आरम्भ किया गया था। उस समय उन अध्यापकों की सहायता से क्रमशः तेलुगु और कन्नड़ के थोड़े शब्द एकत्रित किये गये। मलयालम भाषा का कार्य संस्थान के छात्राध्यापकों की सहायता से प्रारम्भ हुआ। तमिल भाषा का अध्ययन मैंने स्वयं सूचक के रूप में किया। अब तमिल का कार्य समाप्त हुआ है और इसकी उपलब्धियाँ विद्वानों के सामने प्रस्तुत हैं। अन्य तीनों भाषाओं की शब्द-सूचियाँ भी लगभग तैयार हो चुकी हैं और यथासमय प्रकाशित की जायेंगी।

0.1 इसका अध्ययन तंजौर ज़िला के सवर्ण, प्रमुख रूप से ब्राह्मण लोगों की भाषा पर आधारित है; क्योंकि सूचक मातृभाषा के रूप में इसी से परिचित है। यही भाषा मानक रूप भी है। प्रस्तुत अध्ययन के शब्दों का प्रयोग साहित्यिक भाषा में प्रायः होता है और इनमें कोई शब्द केवल घरेलू व्यवहार का या किसी समुदाय-विशेष से संबंध रखने वाला नहीं है। प्रायः सभी शब्दों की, पुस्तकों आदि से पुष्टि हुई है और मेरे पास उनका विवरण है। ब्राह्मणों के घरेलू व्यवहार के शब्दों को, जिनकी संख्या भी पर्याप्त है, इस अध्ययन में सम्मिलित नहीं किया गया है।

1.0 प्रस्तुत विषय शब्द विज्ञान (lexicology) के क्षेत्र का है और कोश विज्ञान (lexicography) और अर्थ विज्ञान को परिधि से ही छूता है। इस अंतर को समझने के लिए शब्द और अर्थ के संबंध को पहले स्पष्ट कर लेना अच्छा होगा।

1.1—शब्द ब्लूमफ़ील्ड के अनुसार लघुतम स्वतंत्र इकाई है, जो कि वाक्यांश (phrase) नहीं है। उनके व्यवहारवादी सिद्धान्त के अनुसार शब्द प्रेरणा उत्पन्न करते हैं, जिन्हें सुनने वाला उचित प्रक्रिया (कार्य) करता है।[1] वे आगे शब्द के रूप तथा शब्द और वाक्यांश के अन्तर को स्पष्ट करते हैं, जो हमारे कार्य के लिए अनावश्यक है। उनका व्यवहारवादी प्रेरणा-प्रतिक्रिया का सिद्धान्त इतना लोकप्रिय बना कि कई विद्वानों ने भाषा के संबंध में विचार करते हुए इसी का प्रतिपादन किया। फ्रीज़ के अनुसार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शब्द ध्वनियों से बने खंड हैं, जो प्रेरणा के रूप में अपने साथ व्यवहार में निश्चित अनुभवों को ध्यान में लाते हैं। इस कारण शब्द का अर्थ उसके उपयोग के संदर्भों में ही स्पष्ट हो सकता है।[2] ट्रैवर इस सिद्धान्त को मानते हुए शब्द और उसके कई अर्थों के संबंध की सीमाओं पर भी विचार करते हैं। उनके अनुसार शब्द के कई कोश-अर्थ उस शब्द से उद्दीप्त होने वाले विभिन्न संदर्भों में, प्रयोग से स्पष्ट होते हैं। ये अर्थ मातृभाषा भाषी के चिन्तन में घुले-मिले हैं और वह आवश्यकतानुसार इनके उपयोग में काफ़ी स्वतंत्रता से काम लेता है।[3] शब्द भाषा के बाह्य गठन में (ध्वनि रूप में) तथा संरचना में प्रमुख हैं और भाषा के उद्देश्य (अर्थ-संप्रेषण) के मूल साधन हैं। शब्द ही भाषा के अर्थ के वाहक हैं। इस कारण शब्द की अर्थ विज्ञान और पद-वाक्य विज्ञान से स्वतंत्र कोई परिभाषा देना बहुत कठिन कार्य है। लैंडो इन सब को एक ही जगह समाविष्ट करते हैं। उनके अनुसार शब्द में रूप, अर्थ और वितरण तीनों ही बातें सम्मिलित हैं।[4]

1.2—शब्द और अर्थ के संबंध में तर्कशास्त्र और मनोविज्ञान के विद्वानों ने आधुनिक काल में विचार किया है। वे प्रतीक (sign) और उससे व्यक्त किसी वस्तु या विचार के संबंध के परम्परात्मक दृष्टिकोण की जगह प्रतीक विज्ञान (semiotics) की नयी परिभाषा अपनाने के पक्ष में हैं। इन विद्वानों की नयी परिभाषा भी व्यवहार से ही प्रेरित है। लेकिन व्यवहार का सीधा संबंध शब्द से नहीं, बल्कि शब्द से व्यक्त होने वाली वस्तु के विचार से है। ऑग्डन और रिचर्ड्स प्रतीक, वस्तु और प्रेषण-क्रिया का विवेचन प्रस्तुत करते हैं। इससे समझा जा सकता है कि शब्द विज्ञान के संदर्भ में इन तीनों बातों का वर्णन किया जाता है—वह संस्कृति, जिसकी अभिव्यक्ति भाषा के माध्यम से होती है, भाषा की अर्थ-संरचना और इसे व्यक्त करने में शब्दों का कार्य। जब इन तीनों का स्वरूप स्पष्ट हो सके तो शब्द विज्ञान या तुलनात्मक शब्द विज्ञान का स्वरूप निश्चित हो सकेगा।

1.3—अर्थ के संबंध में विविध सिद्धान्त प्रचलित हैं।

1.3.1—शब्द-अर्थ के सीधे संबंध का परम्परावादी दृष्टिकोण बाद के चिंतकों द्वारा नकारा गया। उन्होंने दिखाने का यत्न किया कि अर्थ सीधे शब्द से नहीं निकलता, बल्कि बोलने वाले के मन में प्रत्यय के रूप में या अर्थ-धारण के रूप में निहित होता है। उन्होंने शब्द-अर्थ के प्रत्यक्ष संबंध की असंभाव्यता के पक्ष में अनेक तर्क प्रस्तुत किये हैं।

1.3.2—इन सिद्धान्तों में सस्युर-स्वीट का प्रत्ययात्मक दृष्टिकोण (conceptual approach) प्रमुख है। स्वीट शब्द और अर्थ के स्पष्ट भेद को मानते हैं। भाषा में शब्दार्थ के अतिरिक्त एक आंतरिक अर्थ होता है, जो एक रहस्यात्मक स्थिति है। सस्युर प्रत्यय (concept) का अर्थ प्रकट करते हैं। शब्द प्रत्यय और उच्चरित रूप का समंजस है।[5] उन्होंने ही सबसे पहले प्रतीक (sign) के सिद्धान्त का प्रतिपादित किया और प्रतीक विज्ञान के प्रारंभिक विचार प्रकट किये। लेकिन गहन चिंतन के अभाव के कारण इनका प्रतीक विज्ञान स्पष्ट नहीं हो सका और आगे ऑग्डन और रिचर्ड्स ने ही इसे रूप दिया। प्रतीक, इनके अनुसार प्रत्यय और (उच्चरित) शब्द का समन्वित रूप है। समस्त भाषा ही व्यवस्थित विचार-प्रवाह है, जो ध्वनियों में प्रकट होता है। प्रतीकों के अभाव में विचारों का विभेद असंभव होता है।[6] इनका यह भी विचार है कि प्रतीक भाषा के रूप (form) को बनाते हैं, वस्तु (substance) को नहीं,[7] जो कि ग्लॉसमैटिक्स का भी आधारभूत सिद्धान्त है। प्रतीक कई हैं, यादृच्छिक हैं तथा इनकी व्यवस्था ही भाषाहै। प्रत्यय के आधार पर सस्युर ने मूल्य (value) के सिद्धान्त का भी प्रतिपादन किया है। यह सिद्धान्त तुलनात्मक अध्ययन का बीज-रूप है। अर्थ की तुलना के संदर्भ में मूल्य के सिद्धान्तों का अवलोकन उपादेय होगा। हर भाषा प्रतीकों की व्यवस्था है, जिसमें प्रतीकों का अपना कार्य और क्षेत्र है। इन्हें समझकर ही भाषा की पूरी प्रकृति को समझ सकते हैं। यह कह देना ही काफ़ी नहीं है कि अमेरिका में 15·00 रु० में (2 डालर में) बाल बनते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हमें यह भी देखना होगा कि यह राशि अमेरिकी अर्थ व्यवस्था में क्या महत्त्व रखती है। हर प्रतीक का अपना क्षेत्र होता है और एक ही प्रतीक दो भाषाओं में भिन्न प्रयत्नों का प्रतिपादन करते हैं, भिन्न-भिन्न कार्य करते हैं। इस प्रकार इस सिद्धान्त ने शब्दों और अर्थ पर पहली बार आधुनिक ढंग से विचार किया है।

1.3.3—ऑग्डन और रिचर्ड्स का सिद्धान्त मानसपरक (mentalistic) है। इन्होंने सबसे पहले शब्द में अर्थ के अस्तित्व के जादू को तोड़ा और यह प्रतिपादित किया कि असली अर्थ वक्ता में ही निहित है। इनके अनुसार शब्द (sign) और अर्थ (object) के बीच में अर्थ-बोध (interpretation) का तीसरा कोण भी है। इन तीनों में शब्द का अर्थ-बोध के साथ संबंध है और वस्तु के साथ वक्ता का। शब्द और अर्थ का संबंध अप्रत्यक्ष एवं टूटा हुआ (amputated) है। अर्थ का प्रतिपादन वहाँ होता है, जहाँ कोई प्रतीक मन में किसी प्रसंग का अंग हो। इस प्रकार वस्तु और अभिव्यक्ति दोनों को अभिव्यक्त करने की व्यक्ति की क्रिया (act of reference) हमेशा चलती रहती है। इनका अर्थ का विश्लेषण प्रायः दर्शन और तर्कशास्त्र पर आधारित है और इन्होंने 18 प्रकार के जो अर्थ बताये हैं, उनमें कई सौंदर्यशास्त्र के विभिन्न आयामों को छूते हैं। तब भी भाषाविज्ञान को इनका योगदान इस रूप में महत्त्वपूर्ण होगा कि इन्होंने प्रतीक और अर्थ के संबंधों की विस्तृत व्याख्या की है। प्रतीकात्मकता (symbolism) के सिद्धान्तों की चर्चा करते हुए इन्होंने भाषा के स्वरूप पर भी प्रकाश डाला है और कहा है कि प्रतीक केवल एक अर्थ (referent) के लिये आते हैं, इनका भाषा के गठन में विशेष स्थान है, भाषा प्रतीकों की व्यवस्था है।

1.3.4—ब्लूमफ़ील्ड का व्यवहारवादी (behavioristic) सिद्धान्त शब्दार्थ को प्रेरणा और प्रतिक्रिया की शृंखला में व्यक्त देखता है। इस सिद्धान्त के अनुसार सारी मनुष्य की क्रियाएँ कारण-कार्य के क्रम की एक शृंखला है। भाषा भी एक मनुष्य-व्यवहार है। इस कारण भाषा में अर्थ-संप्रेषण इसी क्रम में चलता है। वक्ता और श्रोता दोनों के बीच में कथ्य का आदान-प्रदान रहता है जो क्रिया को प्रेरित करता है। यद्यपि सस्युर भी इस क्रम को मानते हैं, इन दोनों में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है। भाषा की वस्तु संसार से संबंधित प्रत्ययों से आती है। इस वस्तु को ब्लूमफील्ड भाषाविज्ञान के क्षेत्र से बाहर मानते हैं, लेकिन सस्युर नहीं। सस्युर भाषा को भाषण-संकेतों (speech signals) की व्यवस्था ही नहीं मानते,[8] बल्कि वह विशिष्ट प्रतीकों की व्यवस्था है, जो विशिष्ट विचारों से मेल खाती है।[9] ब्लूमफ़ील्ड के अनुसार भाषा-व्यवहार या भाषण-क्रिया के पूर्व-पर कार्य ही अर्थ के पर्याय हैं और भाषाविज्ञान भाषण-क्रिया का अध्ययन कर सकता है. कार्यों का नहीं।[10] भाषायी अर्थ (linguistic meaning) के संदर्भ में वे अर्थ संबंधी प्रसंग आदि बातों की चर्चा करते हैं। वे मानते हैं कि भाषा के अध्ययन में अर्थ का अध्ययन आवश्यक नहीं है।

1.3.5—फ़र्थ भाषा को अर्थपूर्ण मनुष्य-व्यवहार मानते हैं और हम इससे न मन को, न परिस्थितियों (situations) को दूर रख सकते हैं। उनका सिद्धान्त बहु-व्यवस्थात्मक माना जाता है, क्योंकि भाषा ध्वनि, व्याकरण आदि कई संबद्ध व्यवस्थाओं से निर्मित पूर्ण व्यवस्था है। इन व्यवस्थाओं में व्याकरणिक व्यवस्थाओं को बाह्य परिस्थितियों से अर्थ (content) ही जोड़ता है। इस कारण अर्थ सभी व्यवस्थाओं में व्याप्त बाह्य परिस्थितियों में सार्थक अंग है। उनके अनुसार भाषा का रूप और अर्थ अभिन्न हैं, एक हैं। इस कारण उनका सिद्धान्त एकात्मक (monistic) सिद्धान्त माना जाता है। ये सभी सम्बद्ध व्यवस्थाएँ समग्र रूप से अर्थ का ही प्रतिपादन करती हैं, जो बाह्य परिस्थितियों में प्रकट होता है।[11] इस प्रकार, अंततः भाषा का विभिन्न स्तरों पर विश्लेषण अर्थ का ही विश्लेषण है। हैलिडे ने भी इसी सिद्धान्त को कुछ संशोधन के साथ स्वीकार किया है, अन्यथा बहुव्यवस्थात्मक (poly systemic) भाषा के रूप और अर्थ के संबंध का विवेचन दोनों समान रूप में ही करते हैं। हैलिडे कहते हैं कि यह सिद्धान्त भाषा में बाह्य परिस्थितियों को सम्मिलित नहीं करता। इसका भौतिक वस्तु-व्यापारों से कोई

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

संबंध नहीं है। भाषा के संदर्भ में केवल संदर्भ (context) ही प्रमुख है, जो भाषा को परिस्थितियों से जोड़ता है और संदर्भ मौखिक और व्याकरणिक अभिव्यक्ति द्वारा प्रकट होता है।

1.3.6—चॉम्स्की का रूपांतरण-रचना सिद्धान्त (transformation-generative grammar) भाषा के तीन तत्त्व मानता है—ध्वनि, वाक्य और अर्थ। उनका सिद्धान्त अर्थ पर ही आधारित है, यद्यपि अर्थ का विशेष (अर्थ विज्ञान के संदर्भ में) चर्चा नहीं की गयी है। भाषा की रूप-रचना (formalization) में सार्थक, स्वीकार्य वाक्यों को ही आधार बनाया गया है। भाषा बोलने वाला सार्थक वाक्यों की ही रचना करता है, यद्यपि बिना अर्थ के व्याकरण-सम्मत वाक्यों की रचना भी हो सकती है। वक्ता अर्थ-सम्मत वाक्यों की रचना को मन में बिठा लेता है (internalizes)। अर्थ सम्बन्धी विवादों में अंतिम निर्णायक मातृभाषा-भाषी होगा क्योंकि वह अंतिम रूप से स्वीकार्य वाक्यों की ही रचना करता है। जहाँ किसी वाक्य का ऊपरी अर्थ स्पष्ट नहीं होता, वहाँ उन वाक्यों की रूपांतरित रचना अर्थ स्पष्ट कर सकती है। अर्थ की पूरी व्याख्या, इस प्रकार पूर्ण वाक्य-विश्लेषण में ही अंतर्निहित होता है और उसके अलग से व्याख्या देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।[12] तीनों तत्त्वों में वे पर्याप्तता के सिद्धान्त (levels of adequacy) का भी प्रतिपादन करते हैं। इसके अनुसार अर्थ के विश्लेषण तथा परीक्षण के तरीके होने चाहिए। चॉम्स्की कहते हैं कि निरीक्षण के स्तर पर अर्थ का पता वास्तविक संभाषण में किसी शब्द के किन्हीं स्थानों में नियमित प्रयोग से चलता है और वर्णनात्मक स्तर पर कोशकी प्रविष्टियों, 'अर्थ-क्षेत्र' (दे० 2. 1) से संबंधित पर्याय आदि व्यवस्थाओं से अर्थ का स्वरूप स्पष्ट होता है।

रूपांतरण के सिद्धान्त में अर्थ के महत्त्व के बारे में आधुनिकतम विचार सामने आये हैं। जैसा कि कहा जा चुका है, चॉम्स्की अर्थ को गौण महत्त्व ही देते हैं। अर्थ केवल वाक्य विज्ञान को स्पष्ट करने के लिए है और अर्थ के कारण कई संभव वाक्य नकारे जाते हैं। इस प्रकार अर्थ वाक्यों में प्रकट हो रहे गणितीय या तर्कशास्त्रीय रूप-रचना को स्पष्ट करता है और वाक्य-रचना में हमेशा पीछे रहता है। इस कारण चॉम्स्की ने अर्थ का अलग-से कोई वर्णन या विश्लेषण नहीं किया। लेकिन कैट्स और फ़ोडर नामक विद्वानों ने अर्थ की भी व्यवस्था दी है और वाक्य की तरह अर्थ तक पहुँचने के नियम बनाये हैं (बाद में इसका थोड़ा विवरण दिया गया है—देखें 1. 4)

1.3.7—सपीर और वोर्फ़ का अर्थ संबंधी सिद्धान्त समाजशास्त्रीय है। सपीर मानते हैं कि भाषा मानसिक क्रिया को प्रभावित करती है और चिंतन को दिशा देती है। भाषा स्वायत्त, सर्जनात्मक और प्रतीकात्मक गठन है और अपनी रूपगत पूर्णता के कारण हमारे अनुभवों को रूप देती है, उन्हें कम या अधिक कर देती है। वोर्फ़ मानते हैं कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का साधन नहीं है, वह हमारे चिंतन, विचारों की नियंता है, जो हमारी मानसिक क्रियाओं को दिशा देतीं है। पाइक अपने टैग्मीमिक्स के सिद्धान्त के मूल में समाजशास्त्र को ही मानते हैं। मनुष्य की अन्य क्रियाओं की तरह भाषा भी एक क्रिया है। हर क्रिया की कुछ सार्थक इकाइयाँ (टैग्मीम) निकाली जा सकती हैं और इनका स्थान, प्रकार्य आदि का अध्ययन किया जा सकता है। इस प्रकार भाषा के हर स्तर पर टैग्मीम निकाले जा सकते हैं, जो व्याकरण की दृष्टि से सार्थक होंगे और इनके आपस के संबंधों का विश्लेषण किया जा सकता है। इससे अधिक विस्तार पाइक में अर्थ के संबंध में नहीं मिलता।

1.4—अर्थ संबंधी विभिन्न संप्रदायों के तथ्यों के अवलोकन से एक बात स्पष्ट होती है। विद्वानों ने कोश-शब्द और इसके अर्थों की चर्चा कम की है, शब्द और अर्थ के संबंधों के बारे में ही विस्तार में विचार किया है। लगभग सभी विद्वान भाषा की संरचना और भाषाओं के वर्णन के लिए उचित व्याकरण-व्यवस्था के संबंध में ही अर्थ पर विचार किया है। इस कारण इनमें अर्थ-संरचना के संबंध में विशेष विचार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

नहीं दिखायी पड़ते, बल्कि भाषा-संरचना में अर्थ के महत्त्व या स्थान पर ही विचार हुआ है। चॉम्स्की संप्रदाय के दो विद्वानों कैट्स और फ़ोडर ने अपने संप्रदाय के अनुरूप अर्थ-संरचना देने का यत्न किया है। वे अपने व्याकरण के सूचकों (marker) के सिद्धान्त को अर्थ के सूक्ष्म अध्ययन में उपयोगी मानते हैं। शब्द के विभिन्न अर्थ एक-दूसरे अर्थ से किसी न किसी गुण में भिन्न हैं। इस भिन्नताको सूचक दिखायेंगे। उदाहरण के लिए 'bachelor' शब्द के विभिन्न अर्थ द्रष्टव्य हैं।



State Museum Library Lucknow

इस चित्र में कोष्ठकों में दिये हुए शब्द संकेतक (marker) हैं और अन्य कोष्ठक-शब्दों से भिन्नता को स्पष्ट करते हैं। अर्थ-विवेचन की यह पद्धति, वाक्यों को संकेतकों के द्वारा दिखाने के आधार पर शब्दों के अर्थ को भी दिखाने का यत्न करती है और इस दृष्टि से कोश की प्रविष्टियों से भिन्न है, जहाँ सभी अर्थ एक (और किसी) क्रम में रख दिये जाते हैं। इसके गुण-दोषों के विवेचन में न जाकर, इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि यह जितना स्पष्ट है, उतना ही अव्यावहारिक भी है। व्याकरण आपेक्षिक रूप से बद्ध व्यवस्था है, लेकिन अर्थ का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। इसमें सभी अर्थों के लिए थोड़े से संकेतक प्रयोग में लाना नहीं हो सकता। अन्यथा इनका सिद्धान्त बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकता है, क्योंकि यह कोशगत शब्दों के अर्थ की संरचना के बारे में विवेचन करता है।

1.5—अर्थ क्या है और भाषा के किस अंग में है, यह भी बड़ी समस्या है। हम जीवन के अपने अनुभवों का कुछ शब्दों में भावारोप (abstractions) करते हैं। इस तरह अर्थ हमारे जीवन के कुछ उल्लेख अनुभवों का भावरूप है। हयाकावा के अनुसार अर्थ एक वस्तु (content) है, जो कि वास्तविकता के ज्ञान से उद्भूत वाक्-भावरूपों की एक शृंखला है। सस्युर भाषा को भावन या अमूर्त्तन (abstractions) की वाक्-भावरूपों की व्यवस्था मानते हैं। शब्द अर्थ के प्रत्ययात्मक जगत की सृष्टि में आकर प्रत्ययों की व्यवस्था उत्पन्न करते हैं। ब्लूमफ़ील्ड अपने सिद्धान्त के अनुसार इस पक्ष

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पर प्रकाश डालते हैं। प्रेरणा और प्रतिक्रिया की श्रृंखला में कभी-कभी कोई अर्थ तुरन्त प्रतिक्रिया उत्पन्न नहीं करता। इस निलम्बित प्रतिक्रिया का मुख्य कारण यही है कि अर्थ भाषा में भावन है, जिसे पूर्व ज्ञान के आधार पर हम जानते हैं। ऑग्डन-रिचर्ड्स कहते हैं कि भाषा परिस्थितियों से उपयुक्त विवरणों को व्यक्त करती है और इसे ध्वनि, शब्द आदि के माध्यम से अभिव्यक्त करती है। भावन का यह गुण अर्थ और जीवन के संबंध को स्पष्ट करता है।

1.5.1—भाषा में अर्थ शब्द में है। अर्थ विज्ञान की मूल इकाई शब्द को ही माना जाता है। शब्दों के प्रयोग से वाक्य की रचना होती है। वाक्य-विश्लेषकों ने, अर्थ विज्ञान के बारे में अर्थ की इकाइयों के संदर्भ में चर्चा नहीं की है। उन्होंने यही देखा है कि भाषा में अर्थ देने की शक्ति कैसे है और अर्थ-संप्रेषण में यह कैसे काम करती है। इसी कारण इन्होंने विश्लेषण की इकाई के रूप में वाक्य के विश्लेषण को ही महत्त्व दिया है। इस संदर्भ में तर्कशास्त्रियों का मत उपयोगी हो सकता है।

1.5.2—आधुनिक विचारधारा यह है कि भाषा में वाक्य ही प्रधान है। लोग एक शब्द को भी वाक्य (एक शब्द का वाक्य) मानना चाहते हैं। इसका कारण यही है कि वाक्य ही एक समन्वित प्रत्यय दे पाता है। 'अस्वाभाविकता', में पाँच पद हैं, लेकिन पाँचों मिलकर एक "अर्थ" की सृष्टि करते हैं। 'कुत्ता दौड़ रहा है'—यह वाक्य कुत्ते के संबंध में एक प्रत्यय उपस्थित करता है, जिसमें कुत्ते की एक क्रिया का बोध होता है। 'कुत्ता तेज़ दौड़ रहा है' यह वाक्य पूर्व के प्रत्यय–विधान में एक परिवर्तन करता है, लेकिन मूल प्रत्यय वही है। 'कुत्ता सो रहा है' संदर्भ वही, प्रत्यय में परिवर्तन। इस प्रकार वाक्य के सभी अंग, प्रमुख रूप से शब्द, एक दूसरे के साथ मिलकर एक समन्वित प्रत्यय का बोध कराते हैं। इस कार्य में शब्दों का एक दूसरे के साथ अर्थ-सामंजस्य होना चाहिए। पैरा 1. 5 में शब्दों में जीवन के अनुभवों के भावन की बात कही जा चुकी है। वाक्य में ऐसे किसी प्रत्यय का बोध नहीं हो सकता, जो हमारे जीवन का अनुभव न हो। 'शोकातुर मकान', 'हरे विचार' इसी कारण अनर्गल होंगे। अर्थ-संरचना में शब्दों के सामंजस्य का तार्किक आधार होता है। व्याकरण 'काला विचार' को नकार नहीं सकता, अर्थ विज्ञान कर सकता है। हमारा अनुभव बताता है कि किन दो अलग-अलग प्रत्ययों में सामंजस्य हो सकता है। इस प्रकार के सामंजस्य के अध्ययन में ही पर्याय, विलोम,सह-संबंध आदि (दे. 1.8.1-1.8.5.) संबंध हमारी सहायता करेंगे। चॉम्स्की के बताये 'colourless green ideas sleep furiously' जैसे वाक्य में यही दोष है कि शब्दों के अर्थ का एक दूसरे के साथ सामंजस्य नहीं है। ये सभी मिलकर एक प्रत्यय उपस्थित करने में असमर्थ हैं। यदि उन्हीं शब्दों में थोड़ा हेर-फेर कर दें और ऐसे शब्द रख दें, जो दूसरों के साथ प्रत्यात्मक संबंध रख सकते हैं, तो यह वाक्य अर्थयुक्त चित्र प्रस्तुत कर सकेगा, जैसे "colourless futile ideas die out slowly". इस तरह वाक्य विश्लेषण में वाक्य की रचना तथा अर्थ संरचना दोनों ही महत्वपूर्ण हैं।

1.5.3—अर्थ का सामंजस्य भाषा के सभी अंगों में देखा जाता है और हर स्तर पर अर्थ है, जो अंततः समग्र अर्थ का रूप ले लेता है। अर्थ में पहला स्तर पदों का है। इन पदों के चयन तथा क्रम से ही अर्थ प्रकट होता है। 'अस्वाभाविकता' की जगह *स्वाताभाविक या *नस्वाभाविक्य कोई अर्थ नहीं दे पाते। अर्थ का दूसरा स्तर शब्द का है। शब्द यहाँ एक, जैसे आना, जाना, लड़ना या दो—इन्कार करना, मज़ाक करना, आ जाना, मर जाना, बदल जाना हो सकते हैं। पदों की अपेक्षा सभी शब्दों में स्वतंत्र अर्थ- चित्र होता है और हर शब्द (शब्दिम) दूसरे शब्दों (शब्दिमों) से भिन्न अर्थ रखता है। इस कारण अर्थ विज्ञान में लघुतम इकाई शब्द ही है। अर्थ का तीसरा स्तर मुहावरों और वाक्यांशों का है। मुहावरे कई असंबद्ध शब्दों के बने होने के बावजूद एक विशिष्ट अर्थ का बोध कराते हैं, जैसे 'आंखों में धूल झोंकना' आदि। वाक्यांश अर्थ विज्ञान और वाक्य विज्ञान की सामान्य इकाई है। यह शब्दों को अन्य शब्दों से जोड़ने में मदद करता है

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

और व्याकरणिक या प्रत्ययात्मक संबंध स्पष्ट करता है, जैसे राम को, राम से आदि, और प्रत्यय-विस्तार करता है, जैसे बड़ा लड़का, काली गाय आदि। वाक्य में एक पूर्ण प्रत्यय होता है, जो संबद्ध प्रत्ययों के सामंजस्य से बनता है। स्थानापन्न शब्द (substitutes) भी, अपनी प्रकृति के कारण पूर्ण प्रत्यय की ओर इशारा करते हैं। केवल 'लड़का' कहें तो उस लड़के के संबंध में कोई जानकारी नहीं होती। लेकिन 'कौन आ रहा है' के उत्तर में 'लड़का' वाक्य के प्रत्यय को प्रस्तुत करता है। इसी प्रकार हाँ, नहीं, कुछ नहीं, कोई नहीं आदि शब्द भी भाषा में प्रयोग के संदर्भ से पूर्ण प्रत्यय देने में समर्थ होते हैं। वाक्य अर्थविज्ञान की अंतिम इकाई नहीं है। एक वाक्य को भी किसी परिच्छेद का अंग बनना पड़ता है। भिन्न प्रत्ययों वाले, असंबद्ध वाक्यों से कोई संभाषण या वर्णन नहीं हो सकता। एक लम्बे वर्णन में कई वाक्य होंगे, इनमें सह-संबंध का विशेष आग्रह होगा। यदि प्रसंग शादी का हो तो वर, वधू, पुरोहित, दान-दक्षिणा, होम, अग्नि, फेरी, बरात आदि शब्दों का क्रम एक प्रकार से अनिवार्य है। हॉकेट ने 'Discourse Analysis' पर जो लिखा है उससे स्पष्ट होता है कि उनका मुख्य लक्ष्य अर्थ विज्ञान और शैली का विश्लेषण ही है, न कि भाषा की अर्थ-संरचना का। इस तरह भाषा की संरचना के संदर्भ में महत्तम इकाई वाक्य हो सकती है, लेकिन अर्थ-संरचना की बड़ी इकाई केवल वाक्य नहीं। इसलिए किसी एक प्रसंग (ग्रंथ, कथा, वर्णन, काव्य) के आधार पर अर्थ-संरचना की विवेचना हो सकती है, जिस प्रकार का प्रयास लयान्स ने किया है और बिना इन प्रसंगों के अर्थ संरचना की बात स्पष्ट नहीं हो सकती है।

1.5.4––यदि भाषा की अर्थ-संरचना का सही विश्लेषण हो सकता है, तो वह भाषा के रूपात्मक अध्ययन को भी अपने में समाविष्ट कर सकता है। शब्द-समूह की चर्चा करते हुए विद्वानों ने 'संरचनात्मक शब्दों' की सूची प्रस्तुत की है। लेकिन संरचनात्मक शब्दों का सिद्धान्त बहुत दूर तक कल्पना मात्र है। जो एक भाषा में संरचनात्मक शब्द है, वही दूसरी भाषा में वस्त्वर्थक शब्द है। संरचनात्मक शब्द भी प्रत्यय के पूर्ण होने में सहायता देते हैं। हिंदी 'है, था' आदि शब्द किसी वाक्य को अलग-अलग संदर्भों में पहचानने में योग देते हैं। 'लड़का अच्छा है,' 'लड़का अच्छा था'–– इन वाक्यों में 'है' और 'था' के कारण ही प्रसंग का उद्‌बोधन होता है। अंग्रेजी में must, should, can, shall will, may, might आदि शब्द किसी एक स्थान पर आते हैं और परस्पर नकारात्मक हैं। इनसे विषय को भिन्न प्रसंगों में समझा जा सकता है। 'I can go' और 'I must go' दोनों के प्रत्यय पूर्ण रूप से भिन्न हैं। इस कारण भाषा की संरचना अर्थ संरचना से अभिन्न ही नहीं, बल्कि परस्पर संबद्ध है।

1.5.5––हम वाक्य में शब्दों को बदलकर प्रत्यय-विधान में वांछित परिवर्तन करते हैं। 'मैं उठ रहा हूँ' "मैं" की एक क्रिया का वर्णन करता है। यहाँ 'उठ' की जगह 'देख, बोल, सो, पढ़' आदि शब्दों को रखकर 'मैं · · · · · रहा हूँ' के प्रसंग में विविध प्रत्ययों का बोध करा सकते हैं। इस प्रकार वाक्य विज्ञान के रूप-वर्ग (form classes) वैसे अर्थ विज्ञान के भी स्थानापत्ति-वर्ग (substitution classes) हैं। रूप-वर्ग यह निश्चित करता है कि 'मैं सो रहा हूँ' में, 'मैं' का स्थान कोई संज्ञा या सर्वनाम ले सकता है, विशेषण या क्रिया नहीं। क्रिया का स्थान क्रिया ही ले सकती है, संज्ञा आदि नहीं। इसी प्रकार अर्थ संरचना में प्रयोग के आधार पर विशिष्ट वर्ग होंगे, जिस प्रकार के वर्ग रूपांतरण व्याकरणों में अंतिम कड़ी (final string) में दिये जाते हैं। अर्थ के पाँच मूलाधारों के संदर्भ में शब्दों का एक दूसरे से संबंध निश्चित होगा, और स्वीकार्य वाक्य की रचना होगी।

1.6—अर्थ संरचना का आधार प्रत्यक्ष अनुभव होना चाहिए। प्रत्यक्षानुभव की सामग्री (empirical data) पर आधारित अर्थ विज्ञान ही संतोषजनक रूप से उसकी संरचना को प्रस्तुत कर सकेगा। इस प्रकार अर्थविज्ञान को समकालिक (synchronic) और वर्णनात्मक (descriptive) होने की

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

आवश्यकता है। कोशों में कई अव्यवहार्य शब्द भी दिये जाते हैं, पुस्तकों में सामान्य भाषा से भिन्न अर्थों-रूपों में शब्द व्यवहृत होते हैं। यदि शोधकर्त्ता इन सबके अंदर से शब्द के असली अर्थ को न पहचान सके, तो उसका विश्लेषण त्रुटिपूर्ण होगा। लेकिन भाषा की संरचना की तरह अर्थ संरचना सीमित व्यवस्था नहीं है और जिस प्रकार एक व्यक्ति की भाषा के आधार पर संरचना का विश्लेषण हो सकता है, उस प्रकार एक ही व्यक्ति से अर्थ की पूरी सामग्री नहीं मिल सकती है। शोधकर्त्ता को भाषा बोलने वालों के निकट रह कर हर शब्द के हर संदर्भ को अंकित करना होगा और उसके आधार पर विवेचना करनी होगी। कोश आदि उसके ज्ञान तथा सामग्री की पुष्टि कर सकते हैं। लेकिन कोशों के आधार पर विवेचना नहीं हो सकती।

1.6.0.1—यद्यपि यहाँ इस प्रकार तमिल शब्दों के अर्थों के विभिन्न पहलुओं को मैंने बड़े परिश्रम से निकाला है, भाषा प्रयोग की विविधता के कारण कई शब्द अन्य अर्थों में तथा कई विशेष क्षेत्रों में प्रयुक्त हो सकते हैं। संस्कृत-आग्रही ब्राह्मण संस्कृत के ही अर्थ में चेष्टा, पत्नी, वैभव, धर्म, चरित्र आदि शब्दों का प्रयोग करेगा। वह इसी तरह संस्कृत की ध्वनि-व्यवस्था को भी तमिल में लाने का यत्न करता है। ब्राह्मण आख्याकारों, टीकाकारों, कथा वाचकों द्वारा विकसित मणिप्रवाल शैली की विशेषता इतनी ही नहीं है कि उसमें संस्कृत शब्द थे, बल्कि बहुधा संस्कृत शब्द संस्कृत ध्वनि व्यवस्था तथा संस्कृत अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। इसी तरह कोई संस्कृतनिष्ठ विद्वान पूर्वग्रह के कारण इनसे कहीं अधिक शब्दों का प्रयोग कर सकता है। इस प्रकार शब्दों के अध्ययन में निम्नस्तरों (substrata) के सिद्धान्तों को ध्यान में रखना होगा। मैंने यहाँ जितने शब्द दिये हैं, वे प्रायः लोक-प्रचलित तथा लेखन से समर्थित हैं। लेकिन कुछ शब्द मानक बोलचाल के (colloquial) हैं, जिनका प्रयोग लेखन में कम ही होता है। इनको मैंने व्यवहार के प्रसंगों से लिये हैं। मैंने भाषा के स्तर का उल्लेख पहले ही किया है। कट्टर तमिल समर्थक को भी इनमें से 65 प्रतिशत शब्दों का उपयोग करना ही पड़ेगा। यदि इनमें कुछ शब्द प्रचलन की दृष्टि से विवादास्पद हो सकते हैं, तो उनका प्रतिशत 5 से अधिक नहीं होगा, ऐसा मानता हूँ।

1.6.1—अर्थ का क्षेत्र इतना विस्तृत और व्याकरण की अपेक्षा इतना संदिग्ध है कि भाषा के पूरे अर्थ-तत्त्व के लिए संरचना प्रस्तुत करना असंभव कार्य है। संरचनात्मक अर्थविज्ञान भाषा के अर्थ-तत्व के सामान्य सिद्धान्त ही निकाल सकता है, न कि उसकी पूरी संरचना। यदि इस संरचना का स्वरूप निश्चित हो जाये, तो दो भाषाओं के शब्द-समूहों की तुलना इसी आधार पर हो सकती है। अर्थ-विचार के पुराने सिद्धान्तों में अर्थ-विवेचन के विलोम अर्थ, पर्यायवाची शब्द आदि रूप बताये जाते हैं तथा ऐतिहासिक अर्थ विज्ञान की अर्थ विस्तार, अर्थ संकोच, अर्थादेश आदि दिशाएँ। ये क्षेत्र वैज्ञानिकता के अभाव में अर्थ-तत्त्व के विश्लेषण में सही परिप्रेक्ष्य अपना नहीं पाते। यही कारण कि विलोम या पर्यायों के बारे में सर्वमान्य सिद्धान्त बन नहीं पाया है। अर्थ परिवर्तन की दिशाएँ व्यक्ति-सापेक्ष विश्लेषण है। किसी शब्द के अर्थ का विस्तार या संकोच व्यक्ति-सापेक्ष विचार है और ये विश्लेषण के उपयोगी सिद्धान्त नहीं हैं। इन पुराने सिद्धान्तों को नये परिप्रेक्ष्य में लेना होगा और उनकी परिभाषा अपनी आवश्यकता के अनुसार देनी होगी।

1.7—अपने विषय के संदर्भ में शब्द और अर्थ की परिभाषा निम्न प्रकार से देना चाहूँगा। हिंदी तथा तमिल में (तथा अन्य कई भारतीय भाषाओं में) शब्द अर्थ का वाहक है और अर्थविज्ञान की मूल इकाई है। शब्दों के विभिन्न रूपात्मक भेदों को हम एक शब्द (शब्दिम) के ही संदर्भ में देख सकते हैं, जिस प्रकार कोशों में शब्दों के व्युत्पन्न तथा व्याकरणिक रूप एक जगह दिये जाते हैं। यह विवेचन शब्द-वर्णन और दो भाषाओं की या ऐतिहासिक क्रम की तुलना के लिए महत्त्वपूर्ण होगा। शब्द अपने में अर्थ रखता है। शब्द और अर्थ का एक-एक का (isomorphic) संबंध नहीं है। भाषा के अर्थ-संप्रेषण के समस्त भार को भाषा का शब्द-समूह वहन करता है। इसमें शब्द और अर्थ का संबंध काफ़ी अनिश्चित-सा है। एक शब्द एक से

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अधिक अनेक अर्थों को भी वहन करता है और इसी कारण कहा जाता है कि शब्द का एक अर्थ नहीं होता, बल्कि उसके अर्थ का एक क्षेत्र होता है। यह बहुधा सभी शब्दों के संदर्भ में सही होता है। इससे भिन्न बह्वर्थता (polysemy) की प्रक्रिया होती है, जिसमें बिल्कुल ही असंबद्ध, विशिष्ट अर्थ का प्रतिभास होता है जैसे **मगर**-एक जानवर; लेकिन; **पर**—लेकिन; में; पंख आदि। भाषा में इस प्रकार की विशिष्टता के उदाहरण कम ही मिलेंगे। इसकी जगह कई संबद्ध अर्थों के एक लम्बे क्षेत्र का मिलना अधिक स्वाभाविक है, जिसका विभाजन प्रायः निश्चित नहीं हो पाता। जैसे पास–मेरे पास; घर के पास; बहुत पास (दूर नहीं); दिल के पास; पास आना (घनिष्ट होना); पास (बग़ल में या अधिक निकट) बैठना आदि। यदि इन संदर्भों में 'नहीं' का प्रयोग किया जाये, तो ये सारे 'अर्थ' नहीं रह जाते। इससे कुछ भिन्न स्थिति वहाँ होती है. जहाँ एक शब्द के कई अर्थ एक दूसरे से व्युत्पन्न होते हैं और अपना विशिष्ट अर्थ–क्षेत्र कायम रखते हैं। जैसे

पत्र—पत्ता

—वह पत्ता, जिस पर कुछ लिखा गया है, ताड़पत्र आदि।

—वह वस्तु, जिस पर कुछ लिख गया है, ताम्रपत्र आदि।

—कागज़, जिसमें संदेश लिखा गया है, letter आदि।

—कागज़, जिसमें कुछ लिखा हुआ है, कागज़-पत्र।

—वह कागज़, जिसमें कोई बात समझौते के तौर पर लिखी है
जैसे, दानपत्र, बंधपत्र, मान पत्र आदि।

—वह लेख, जो लिखकर (या पढ़कर) प्रस्तुत किया गया है, (article) शोध-पत्र।

—वह, जिसमें नियमित रूप से विषय (ऐसे लेख) प्रस्तुत किये जाते हैं, जैसे दैनिक पत्र, मासिक पत्र आदि।

भाषा का उपयोगकर्ता इन शब्दों में निहित 'अर्थ' को पहचानता है और उन्हें प्रेषित-ग्रहण करता रहता है। लेकिन वह 'अर्थ' की संकुचित सीमा में हमेशा बँधा नहीं रहता। वह अपनी आवश्यकता के अनुसार नये संदर्भों की भी सृष्टि करता रहता है। ऐसे ही भाषा के मुहावरे और अन्य लाक्षणिक-व्यंजक प्रयोग विकसित हुए हैं। आधुनिक काल में बिंबात्मकता, प्रतीकात्मकता, विशेषण-विपर्यय आदि नये प्रयोग शब्द और अर्थ के संबंध को नये आयाम देते हैं। इस कारण शब्द-अर्थ का दृढ़ संबंध बाँध लेना और इनके आधार पर भाषा का 'पूर्ण' अर्थ विज्ञान निर्मित करना असम्भव-सा लगता है।

अर्थ के संबंध में निम्नलिखित तथ्य द्रष्टव्य हैं। शब्द अर्थ के वाहक हैं। शब्द के अनेक अर्थों का एक दूसरे के साथ संबंध तथा अन्य शब्दों के साथ संबंध दोनों भाषाओं में निश्चित हो जाते हैं। जैसे, एक ध्वनिग्राम के सदस्य सम्मिलित रूप से दूसरे ध्वनिग्राम के साथ व्यतिरेक प्रकट करते हैं। / ड / और / र / का व्यतिरेक है, तो / ड / के दोनों सदस्य अपने-अपने स्थान में / र / का सामना करते हैं।

नाड़ा—नारा	डाल—राल
पेड़—पेर	थर्ड—हर्र आदि।
	(न कि— थर्ड़)

इसी प्रकार शब्द (शब्दिम) के विभिन्न अर्थों में, शब्दों का दूसरे शब्दों के साथ व्यतिरेक होता है।

गाना अच्छा है—भोजन अच्छा है।

मैं गाने लगा—मैं खाने लगा (न कि मैं भोजन लगा।)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

भाषा में सभी शब्द अपना-अपना विशिष्ट प्रकार्य (function) रखते हैं। यदि एक शब्द के एक से अधिक अर्थ हों, तो भी वह शब्द अन्य शब्दों के साथ अर्थों के अनुसार भिन्न-भिन्न संबंध रखेगा।

शब्द	प्रक्रियाएँ	सह संबंध	पर्याय
बत्ती	जलना	घी, तेल, बत्ती,दीवट आदि	दीया, चिराग़
	बुझना तेज मद्धा आदि	स्विच, बिजली, फ्यूज़, बल्ब आदि	लाइट, लैंप

शब्द	व्युत्पादक शब्द	विलोम	पर्याय
साफ़	साफ़गो, सफ़ाई	झूठा, काला, अस्पष्ट	सच्चा, निष्कलंक, निष्कपट
	सफ़ाई	गंदा	निर्मल, विशुद्ध

1.8—शब्द के इन संबंधों को प्रकट करने के लिए अर्थ विज्ञान में पाँच प्रमुख सिद्धान्त माने गये हैं। इनका यहाँ विवेचन करना उचित होगा।

1.8.1—**पर्यायवाची शब्द** (Synonym) : भाषाविज्ञान में एक गलत धारणा बन गयी है कि कोई पूर्ण पर्यायवाची (अर्थात् कोई पर्यायवाची) शब्द नहीं होता। इस सिद्धान्त का उद्गम स्थान नाइडा के 'Morphology' को माना जाता है। यह पद विज्ञान के क्षेत्र में सही है और उन्होंने वहाँ अर्थ विज्ञान पर विचार नहीं किया है। पद विज्ञान में पर्यायों की उपस्थिति पद विश्लेषण में कठिनाई उत्पन्न करती। हमारे लिए भाषा में पर्यायों की उपस्थिति के सवाल से पर्यायों की क्रिया और भाषा में उनकी उपयोगिता का सवाल अधिक महत्वपूर्ण है। जैसा कि पहले ही कहा जा चुका है, किसी शब्द के विभिन्न, संबद्ध अर्थों में कोई एक या दो, अन्य किसी शब्द के किसी अर्थ-क्षेत्र को छू जाते हैं। यह गुण भाषा में अपरिहार्य रूप से पाया जाता है। कभी-कभी एक संदर्भ में प्रयोग किये जाने वाले शब्द आपस में एक या कई गुणों को समन्वित रूप से प्रकट करते हैं। जैसे, 'गांधीजी सुशील, गुणी, चरित्रवान, सदाचारी, सत्पुरुष थे'। इसमें आने वाले शब्द जिस एक अर्थ को प्रकट करते हैं, उसे अलग-अलग शब्दों में बाँट लेना कठिन होगा। इसी प्रकार डाँट-डपट, दल-बल, कर्म-धर्म, धन-दौलत आदि शब्द-युग्मों में अर्थ का विभाजन कठिन हो जाता है। जहाँ पर्याय अर्थाभिव्यक्ति के लिए वरदान है, वहाँ विश्लेषण में कठिन है। अर्थ की अनिश्चितता के कारण हम किन्हीं पर्यायों में भेद का अनुभव कर नहीं पाते और दोनों ओर से अपना मत दे देते हैं। लेकिन इस समस्या को शब्द के संदर्भ (context) से बहुत दूर तक सुलझा सकते हैं।

1.8.2—**विलोम** (Antonym) : यह भाषा में बहुत महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। विलोम का अर्थ भी परम्परा के अनुसार उल्टा अर्थ नहीं है, बल्कि दो शब्दों के संबंधों का विश्लेषण है, जिनमें वे

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हर किसी शब्द से भिन्न होना चाहते हैं। माँ-बाप, आया-गया आदि शब्दों में ध्रुवीय संबंध दिखायी पड़ता है। शेष दो प्रकार के विलोम तुलना और निषेध के हैं। दूर-पास का, बड़े-छोटे का भेद तुलनात्मक है, वस्तु-सापेक्ष है। निषेधात्मक विलोम प्रायः तुलना नहीं दिखाता। 'धन नहीं' का अर्थ 'गरीबी' नहीं होता और 'गरीब नहीं' का अर्थ 'अमीरी' नहीं है।

किसी-किसी संदर्भ में विलोम शब्द भी, पर्यायों की तरह विशेष अर्थ को स्पष्ट करने के लिए साथ आते हैं। अनुशासन-प्रिय उदार व्यक्ति के बारे में 'कोमल किंतु कठोर' का प्रयोग होता है। यहाँ दोनों शब्द विलोम होते हुए भी एक ही अर्थ को प्रकट करते हैं। 'बल्कि · · · · · · · · भी', 'न केवल' आदि प्रयोग पर्याय, विलोम, नकार-शब्द (दे. 1.8.3) आदि कई संबंधों को प्रकट करते हैं।

विलोमों का विवेचन शब्द-निर्माण और प्रयोग की प्रक्रिया को समझने में बहुत ही उपयोगी है। विलोम शब्द एक अर्थ के दोनों पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं, जो परस्पर संबद्ध हैं। यह संबंध मानव के वैचारिक उद्भाव से प्रेरित है। अर्थात, विलोम शब्द अर्थ के दो पहलुओं का आपस में वितरण कर लेते हैं। यदि किसी भाषा में किसी संदर्भ में विलोम नहीं मिले, तो दूसरी भाषा के दो विलोम शब्दों की तुलना में उसकी शब्द-रचना और वाक्य-रचना पर असर पड़ेगा। तमिल में शिक्षा के लिए शब्द है 'कल्वि' लेकिन अशिक्षा के लिए शब्द नहीं है। यह अर्थ वाक्य-रचना द्वारा प्रकट होगा। तमिल अन्याय (अत्याचार) न्याय (इन्साफ) का विलोम नहीं है। उसके स्थान पर अनीति (नीति-न्याय) का प्रयोग होगा। इस प्रकार ये चारों शब्द आपस में भिन्न संबंध प्रकट करते हैं। दूसरी ओर यदि 'सावधानी' के लिए तमिल शब्द 'जाग्रत' है, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि 'असावधानी' के लिए 'अजाग्रत' का प्रयोग हो सकता है। 'संदर्भ' (तमिल-अवसर) का विलोम 'असंदर्भ' हिंदी में नहीं मिलता, क्योंकि इसके हिंदी अर्थ के विलोम का प्रत्यय हमारे मस्तिष्क में नहीं है। लेकिन तमिल में असंदर्भ–'बैमौके' है। इस प्रकार विलोम की प्रक्रिया शब्द-रचना को समझने में, विशेषकर तुलनात्मक अर्थ विज्ञान में बहुत ही उपयोगी सिद्धान्त प्रतीत होती है।

1.8.3—विलोम के ही संदर्भ में **वर्ग-विभाजन** के आधार पर नकारात्मक शब्दों का सिद्धान्त भी अधिक महत्वपूर्ण है। एक वर्ग के शब्द आपस में नकारात्मक (exclusive) होते हैं, यद्यपि निषेध नहीं प्रकट करते। 'लाल' का विलोम 'काला' या 'सफ़ेद' नहीं है, बल्कि यह तीनों रंगों के संदर्भ में अन्य शब्दों की अनुपस्थिति बताता है। 'गाय' नामक जानवर अन्य जानवरों से—कुत्ता, बिल्ली, शेर, भैंस आदि से अपनी विशिष्टता (पृथकता) बताता है। ये सभी आपस में नकारात्मक शब्दों का एक वर्ग बनाते हैं और उस वर्ग में अपना-अपना स्थान ग्रहण करते हैं। पुराने ढंग की भाषा शिक्षण की पुस्तकों में इसी आधार पर शब्दावली दी हुई मिलती है, जैसे शरीर के अवयव, अनाज, फल, प्रकृति, तरकारी, रंग, सप्ताह के दिन आदि। शब्दों को सीखने और याद करने में यह पद्धति उपयोगी भी हो सकती है। जहाँ दो भाषाओं में इन समूहों की संख्या में भेद उत्पन्न होता है, किसी भाषा में एक ही शब्द दो या अधिक शब्दों का कार्य कर लेता है और तुलना का आधार बना लेता है। जैसे तमिल 'पेट्टि' विभिन्न आकारों की रचना का प्रतिनिधित्व करता है—डिबिया, संदूकची, बक्सा, संदूक, ट्रंक, (रेल का) डिब्बा आदि।

इन शब्दों की संख्या तथा वितरण दो भाषाओं के विश्लेषण में बहुत महत्त्वपूर्ण है। प्रत्यक्षीकरण (perception) पर कार्य करने वाले विद्वानों ने उल्लेख किया है कि रंग की पट्टी (spectrum) के प्रतीकों का विभाजन भाषाओं में भिन्न-भिन्न प्रकार से होता है। जहाँ इस प्रकार की प्रक्रिया होगी, वहाँ एक शब्द एक भाषा में जो प्रत्यय उत्पन्न करेगा, वह दूसरी भाषा के संदर्भ में नहीं। तमिल भाषा गेरुआ और लाल रंगों में विभाजन नहीं करती। हिंदी का 'मुँह' शब्द शरीर के दो अवययों को प्रकट करता है, जिसके लिए तमिल में दो शब्द हैं। इस कारण उधार लिया हुआ कोई शब्द वर्ग-विभाजन तथा वितरण में नयी व्यवस्था

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पैदा कर देता है। जैसे—

तमिल शब्द : मयिर्—बाल

मुटि—सिर के बाल (मनुष्य के)

कूंतल्—(प्रायः नारी की) अलकें

आगत शब्द : चिकै (शिखा)—आदमी के सिर के बाल

उरोमम् (रोम)—रोम; रोयाँ; ऊन

अलकम् (अलक)—नारी की अलकें।

वर्तमान तमिल में ये सभी शब्द, दिये गये इन्हीं अर्थों में प्रयुक्त होते हैं। इस व्यवस्था में नया शब्द नया प्रत्यय भी लाता है और पुराने प्रत्ययों के साथ पुनर्वितरण कर लेता है। जैसे—

'विचिरि' (हाथ के, बिजली के पंखे); 'पंका' (दे.486.) तथा 'पेन' (फ़ैन)। 'वंटि' (गाड़ी) तथा 'गाड़ी' शब्द बहुत समय से अपने वर्ग का विस्तार करते आये हैं। रेल, कार, साइकिल आदि सभी शब्दों के आगमन के साथ-साथ 'गाड़ी' या 'वंटि' से इन सभी स्थलस्थ यानों का बोध होता है। बहुधा यह आवश्यक नहीं है कि दो भाषाओं में इसी प्रकार का वितरण कायम रखा जाये। जैसे तमिल 'टिक्कट्टु' (टिकट) हिंदी के अन्य कई रूपों को व्यक्त करता है, लेकिन हिंदी की तरह 'स्टैम्प' शब्द के लिए नहीं आता। कहीं-कहीं वर्ग-प्रतिनिधित्व वही रहता है, लेकिन केवल प्रतीक बदल जाता है, जिस कारण, भिन्न शब्द से, वे सारे 'अर्थ' बन जाते हैं। तमिल में 'अभिमान' शब्द हिंदी 'प्रेम' के लगभग सभी अर्थों को उसी रूप में व्यक्त करता है। इस प्रकार के संबंध दो भाषाओं के शब्दों को समझने में अधिक उपयोगी होंगे। इस सिलसिले में प्रस्तुत कार्य में तत्तुवम्, लट्चियम, अपिमानम् आदि प्रविष्टियाँ द्रष्टव्य हैं।

1.8.4—**सह-सम्बन्ध** (Collocation)

भाषा का हर शब्द कुछ विशिष्ट संदर्भों में ही आता है और उस संदर्भ में प्रयुक्त होने वाले अन्य शब्दों से संबंध रखता है। यह संबंध दोनों शब्दों के किसी समान गुण के आधार पर होता है। जैसे 'गाय'



का संबंध 'घास' से है और 'घास' का संबंध 'हरा' से। 'गाय' और 'हरा', बीच में 'घास' को लाये बिना प्रत्यक्ष संबंध नहीं रखते। इस दृष्टि से हर शब्द के हर सह-संबंधक शब्द के अपने सह-संबंध होते हैं। हैलिडे के

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सिद्धान्त में सह-संबंध का अत्यधिक महत्त्व है। वहाँ इसी के आधार पर शब्द के प्रयोग के संदर्भों को निश्चित किया जाता है और यह चॉम्स्की के पर्याप्तता के सिद्धान्त का उत्तर देने में सहायक है। इसे निम्न प्रकार से प्रकट किया जा सकता है ।

लेकिन सह-संबंध का यह सिद्धान्त, जैसा कि प्रकट हो रहा है, इतना अस्पष्ट है कि इससे अर्थ का विशेष वर्णन नहीं मिलता। अब हाथी उड़ता है (to fly by air), परी-कथा में चिड़िया बोलती है, राजनीति में जनता शासन करती है और भाषाविज्ञान में भाषा जनक (parent) है। इसलिए सह-संबंध का कोई संतोषप्रद विधान नहीं होता।

		तमिल	हिंदी	बंगला	अंग्रेज़ी
खा	चाप्पिटु खा खा eat	खाने की क्रिया; भोजन, चाय, काफी पानी आदि; दही, घी, शहद, सिगरेट, बीड़ी आदि, दवाई (विरल)	खाने की क्रिया; भोजन; दही, घी, शहद; दवाई	खाने की क्रिया; तथा सभी खाद्य वस्तुएँ	खाने की क्रिया; भोजन आदि खाद्य पदार्थ
पी	कुटि पी पानकर drink	पीने की क्रिया; प्राणियों का पीना; चाय, काफी आदि; शहद, घी, दही आदि; सिगरेट, बीड़ी आदि	पीने की क्रिया; चाय, काफी आदि; दवाई; शराब बीड़ी, सिगरेट;	पीने की क्रिया (साहित्यिक)	पीने की क्रिया; सभी तरलपदार्थ
ले	एँटु ले × take	दवाई, टानिक	टानिक, दवाई; चाय, दूध; नियमित रूप से ग्रहण करने की क्रिया	×	पानी, चाय, काफी, दूध, आदि; दवाई, नियमित रूप से ग्रहण करने की क्रिया
मार	अटि (तमिल)	दावत, अच्छा खाना शराब	×	×	×
धूम्रपान	पुकै पिटि × × smoke	'smoke' करने की क्रिया			बीड़ी, सिगरेट आदि, 'smoke'करने की क्रिया

1.8.4.1—लेकिन यह प्रक्रिया बोली विज्ञान (dialectology) और दो भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन में उपयोगी होता है। हिंदी में चाय 'पी' जाती है, तमिल में 'खायी'। यह बात हास्यास्पद भले लगे, लेकिन सह-संबंध से भाषाओं में स्पष्ट होती है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

यदि हिंदी-बंगला के भिन्नार्थी समान शब्दों का विश्लेषण किया जाये, तो वहाँ 'खाना' और 'पीना' शब्दों का अर्थ उनके अपनी भाषा के सह-संबंधों के आधार पर निकालना होगा। बिना सह-संबंध को जाने यदि हम बंगला के प्रयोग का अर्थ हिंदी में करें—चाय खाना, तो यह अटपटा होगा। उस भाषा का वितरण शब्द के उपयोग के क्षेत्र को निर्धारित कर देता है। यहाँ चारों भाषाओं के विश्लेषण से स्पष्ट होगा कि इनमें कोई भाषा दूसरी भाषा के साथ पूर्ण साम्य नहीं रखती। मलयालम भाषा अंग्रेज़ी की ही तरह सामान्य रूप से त्रिगुणी विभाजन करती है—खाना, पीना और धूम्रपान। इससे पता चलता है कि यह विभाजन देश या प्रदेश की सीमा को आधार नहीं बनाता, बल्कि भाषा बोलने वालों के अनुभव, व्यवहार और परम्परा को आधार मानता है। ये बातें भाषा सीखने में बहुत महत्त्व रखती हैं, फिर भी सामान्य रूप से अच्छे शब्द कोशों में भी इन सूक्ष्मताओं की उपेक्षा की जाती है।

1.8.5—**शब्दान्वयन** : यह शब्द-अर्थ संबंध की वह प्रक्रिया है, जिसमें अर्थ के प्रकट करने में एक से अधिक शब्द आते हैं। ऐसे कई शब्दों में दोनों शब्दों का एक दूसरे से संबंध पहले से ही निश्चित होता है और उनके स्थान पर अन्य शब्द नहीं आ सकते। दोनों शब्दों का अर्थ (या दो अर्थ ?) उनके योग में ही भासित होता है। यह प्रक्रिया ही शब्द की परिभाषा में समस्या बनकर आती है। 'स्वीकार करना' दो शब्द-एक अर्थ है या एक शब्द–एक अर्थ, यह समस्या है। हिंदी के कई ऐसे प्रयोगों के लिए हम दूसरी भाषाओं में केवल एक शब्द देखते हैं। जैसे हिंदी और तमिल में मदद करना—उतवु, इन्कार करना—मरु, नाराज़ होना—कोपि, धोखा देना—एमारु, मन लगना—पिटि, असर डालना—मयक्कु आदि। यह हिंदी की प्रकृति है कि कई क्रियाएँ संज्ञाओं के योग से बन जाती हैं। अर्थ के स्तर पर 'स्वीकार करना' को दो शब्द और 'स्वीकारना' को एक शब्द मानना युक्तिसंगत नहीं है।

1.8.5.1—दूसरी ओर मुहावरे तथा अन्य रूढ़ि उक्तियाँ इस प्रक्रिया के अंतर्गत आती हैं। हाथ-पैर टूटना, मन मारना, हथियार डालना, मैदान मारना आदि उक्तियों के भी कई भाषाओं में एक शब्द के रूप दिखायी पड़ेंगे। इस प्रकार के प्रयोगों को एक मानकर भिन्न संदर्भों में इनका प्रयोग तथा अन्य शब्दों से तुलना आदि दिखाना होगा। अंग्रेज़ी में 'take in, put off, lay down, get in' आदि शब्दों को हम वाक्यों में स्पष्ट करते हैं।

यद्यपि शब्दान्वयन एक भाषा में अधिक समस्या उत्पन्न नहीं करता, दो भाषाओं के तुलनात्मक विश्लेषण में इसको उचित महत्त्व देना होगा। समस्त शब्दों को छोड़कर, जिनमें दो या अधिक शब्दों का योग अवसरानुकूल कर लिया जाता है, अन्य अन्वयन एक शब्द की ही तरह तुलना के लिए लिये जा सकते हैं।

तमिल—	आतरि	हिंदी—	सहायता करना
	नितरिचनम्		प्रत्यक्ष अनुभव
	मरत् तूल्		बुरादा
	नकल् चैय्		नकल करना, कॉपी करना
	नकल् एँटु		प्रतिलिपि लेना आदि।

इस प्रकार शब्दों के विवेचन में, भाषा के विवेचन में, विश्लेषण की माँग, अन्य भाषाओं से तुलना आदि बातों को ध्यान में रखकर काम करना होगा। इसी कारण इस कार्य में एक धातु ((root) से संबंधित सभी रूप और उनके अर्थ दिये गये हैं। जैसे 'शाला' से पाठशाला, कला शाला, जेल शाला, पर्ण-शाला आदि कई रूप बनते हैं, जो क्रमशः स्कूल, कालिज, जेल, कुटी का अर्थ देते हैं। इन शब्दों को हिंदी शब्दों की तुलना में उन्हीं संदर्भों में सीख सकते हैं।

1.8.6—यहाँ उपर्युक्त विवेचन के आधार पर अर्थ-संरचना को पारिभाषित करने का यत्न करूँगा।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

संरचना का मुख्य आधार है व्यतिरेक। यह व्यतिरेक शब्दों के अर्थों में प्रकट होता है। पाइक के ध्वनिग्राम विज्ञान के चार मूल आधारों (premises) की तरह उपर्युक्त पाँचों आधार अर्थ विज्ञान के मूल आधार हैं, न कि स्वयं अर्थ-संरचना। संरचना में तीन बातें होनी चाहिए—इकाई (unit), प्रकार्य (function) और वितरण (distribution)। अर्थ की मूल इकाई शब्द (शब्दिम) है। शब्दों का अर्थ (अर्थिम) उनका प्रकार्य है। हर शब्द अन्य शब्दों से भिन्न कार्य करता है। उनका वितरण उनके संदर्भों से प्रकट होता है, जो प्रत्ययात्मक तथा व्याकरणिक होता है। प्रायः 'शब्दम' के सदस्यों को शब्दों की रचना स्पष्ट करती है, जिस प्रकार ध्वनिग्राम के सदस्यों को संध्वनियों की भिन्नताएँ स्पष्ट करती हैं। ये पाँचों मूल आधार इन्हीं संरचना की विशेषताओं को पहचानने में मदद देते हैं। विलोम, पर्याय आदि शब्दों में प्रकार्य का विवरण देते हैं और शब्दों के प्रयोग के संदर्भों को पहचानने में सहायता करते हैं। दो भाषाओं की अर्थ संरचना की तुलना में हम दोनों के प्रतीकों (शब्दों) के अर्थ-क्षेत्र (अर्थिम) तथा इनके विभिन्न शब्द रूपों में वितरण, वितरण की विशेषताएँ, इस वितरण से वाक्यों में उनके संदर्भ आदि का तुलनात्मक विवेचन करते हैं।[13]

2.0 शब्दावली की तुलना—

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होगा कि अर्थ-संरचना के ये पाँचों आधार भाषा की अर्थ की प्रकृति को समझने तथा दो भाषाओं की तुलना करने में उपयोगी हो सकते हैं। सूक्ष्म रूप से इन पाँचों के और भेद हो सकते हैं। लेकिन संरचना को समझने के लिए ये पर्याप्त हैं।

2.1—पहले ही उल्लेख किया जा चुका है कि पूरी भाषा की अर्थ संरचना देना असंभव कार्य है। भाषा का अर्थ इतना व्यापक है कि उसमें अभी सिद्धान्तों का एकमत भी नहीं प्राप्त हुआ है। अर्थ के विश्लेषण में ब्लूमफील्ड कहते हैं कि कोश-रूपों को यादृच्छिक रूप से या अनियमित रूप से किसी शब्द-वर्ग (lexical form class) में रख सकते हैं, जो वर्ग न संरचना से, न सूचक से स्पष्ट होता है। अर्थ के विवेचन में हम अभी तय नहीं कर पाये हैं कि विश्लेषण शुरू कहाँ से कर सकते हैं। यहाँ तक कि भाषा का संरचनात्मक और कोशगत अर्थ की विभाजन-रेखा भी अभी खींची नहीं गयी है। विद्वानों ने व्याकरण के सादृश्य से अर्थ विज्ञान की लघुतम इकाई अर्थिम (episememe) निश्चित करने का यत्न किया है, किंतु उसे स्पष्ट नहीं किया है। ब्लूमफील्ड का कोश-अर्थ (lexical meaning) भी स्पष्ट नहीं किया गया है। वे वर्ग तथा वर्गार्थ पर ही विचार करते हैं।[14]

2.1.1 ट्रायर ने शब्द और भाषा के शब्द-समूह के बीच अर्थ-क्षेत्र (Wort felder) की उपस्थिति को माना। इन्होंने अर्थ-समानता, भिन्नता आदि अर्थ के संबंधों के आधार पर क्षेत्रों का विभाजन किया है।[15] मेरा वर्तमान कार्य भी इसी सिद्धान्त पर आधारित है, किंतु मैंने "अर्थ" पर आधारित विभाजन नहीं किया है, बल्कि "शब्द" पर आधारित। शब्दों का आधार भी कई प्रकार का हो सकता है। भारतीय भाषाओं में शब्द विज्ञान का कार्य बिल्कुल नहीं हुआ है। थोड़ा-बहुत कार्य सांख्यिकी के आधार पर हुआ है। वर्तमान कार्य का मुझे कोई पूर्व उदाहरण नहीं मिला है। अवश्य अंग्रेजी और स्पैनिश के पारिवारिक शब्दों (cognate words) पर एक कार्य हुआ है। अपने ज्ञान की सीमा के कारण मैंने वह कार्य नहीं देखा है। परिवार के निजी शब्द, समान शब्द, जिसमें उधार के शब्द भी आ जाते हैं, रिश्ता, रंग आदि एक क्षेत्र के शब्द (इस कार्य में मनोवैज्ञानिकों और नृतत्वविज्ञानियों की रुचि ही अधिक है), समान स्रोतीय-भिन्नार्थी शब्द आदि क्षेत्रों में कार्य का उद्भाव हो सकता है और इन सभी क्षेत्रों में अर्थ संबंधी विवेचन को पर्याप्त अवसर मिलता है। हिंदी और तमिल के समान शब्दों की संख्या भी बड़ी है और यहाँ साथ में ऐसे शब्दों की सूची दी जा रही है, जो किसी भी तरह अभी पूर्ण या अंतिम नहीं है। उसमें प्रस्तुत शब्दावली के अति-

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

रिक्त दोनों भाषाओं में समान अर्थ रखने वाले शब्दों की सूची है, जैसे कारण, मरण, दान, कार्य चक्र, मन, बल, भय, राजा आदि। लेकिन इस सूची का तुलनात्मक विश्लेषण में अधिक महत्त्व नहीं होता। उन शब्दों की संख्या को देखते हुए एक सत्य पर प्रकाश पड़ता है कि अधिकतर शब्द भिन्न अर्थ में ही प्रयुक्त होते हैं और समान अर्थ वाले शब्द प्राय: वस्तुओं, सांस्कृतिक शब्दों तक ही सीमित होते हैं। भाषाओं की प्रकृति को देखते हुए इस तथ्य पर आश्चर्य नहीं होता, क्योंकि एक ही भाषा में थोड़े समय में शब्दों का रूप, अर्थ आदि बदल जाते हैं। यदि यही निष्कर्ष और भाषाओं के संदर्भ में भी निकलें, तो सामान्य सिद्धान्त बनाने में सहायता होगी।

2.1.2—हिंदी तथा गुजराती, बंगला आदि भाषाओं के लिए पारिवारिक शब्दों की तुलना का कार्य भी अधिक अच्छा रहता। ये भाषाएँ एक स्रोत की हैं और इनकी पारिवारिक शब्दावली कभी एक रही होगी। उस शब्दावली में दोनों भाषाओं में परिवर्तन तथा परिवर्तन की दिशाएँ अयेध्य होंगी। गुजराती में बहुत से शब्द मिलते हैं, जो हिंदी से भिन्न अर्थ रखते हैं, जैसे आँचल (स्तन), झड़प (तेज़ी), माथा (सिर), मापना (नापना), कठिन (कड़ा), नकाम (बेकार, व्यर्थ), अभण (अ+भण-बोलना) (अशिक्षित), झीना (महीन), सिवाय (बिना), पोताना (अपना-केवल अन्य पुरुष में) आदि। ये शब्द भाषा के इतिहास को समझने में सहायक होंगे। तो, एक परिवार की दो भाषाओं में भी समान रूप भिन्नार्थी शब्दों का विश्लेषण हो सकता है। घूम-फिरकर ये सभी कार्य तुलनात्मक अर्थ विज्ञान के आयामों को छूते हैं, क्योंकि भाषाओं में शब्द होते हैं और शब्दों के विभिन्न अर्थ होते हैं।

2.2—मैंने इस कार्य में स्रोत पर ज़ोर दिया है। इसलिए इस सिलसिले में समान स्रोत निश्चित करने का एक अतिरिक्त कार्य हो गया है। किंतु उसके बिना तुलना करने का कोई आधार नहीं मिलता। इसी प्रकार पारिवारिक शब्दों के विश्लेषण में भी स्रोत निश्चित करना आवश्यक हो जाता है। तमिल और हिंदी के शब्दों में अर्थ की समानता के निम्न अन्य आधार मिलते हैं। (क) समान अर्थ रखने वाले शब्द, जैसे वेलै–काम, मरम्–पेड़ आदि। अर्थ की जटिलता और तरलता के कारण व्यापक स्तर पर इस तरह का कार्य संभव नहीं है। (ख) ध्वनि साम्य रखने वाले शब्द-पल् (दाँत-क्षण), तन् (अपना-शरीर) सिल् (ठीकरा-सिल) आदि। इसमें स्रोत का पाबंद नहीं है। लेकिन अन्य शब्द इसमें नहीं आ सकते, मुख्य रूप से हमारी सूची के कई शब्द, क्योंकि बहुधा वे भिन्न ध्वनि–रूप और हिज्जा रखते हैं। (ग) समान दृश्य-रूप के शब्द–इसमें स्रोत या ध्वनि का आधार नहीं होता। जैसे परम, उपरि, कनक आदि। इस सूची में भी हमारी सूची के बहुत से शब्द नहीं आयेंगे। इन अंतिम दो सूचियों की दो प्रमुख कमियाँ हैं—इनकी असमाविश्यता, जिससे सूची जल्दी ही चुक जायेगी और विश्लेषण-अयोग्यता। दोनों का आधार केवल बाह्य साम्य है, जिस कारण इनमें एक-विशेषता के शब्दों का समावेश नहीं होता। हमारी सूची में आशा-निराशा, बोधना-दुर्बोधना, अभ्यास-देहाभ्यास, पशु-मृग जैसे शब्दों के संबंधों का-सा सूक्ष्म विवेचन इन सूचियों में नहीं हो सकता, यद्यपि छोटी या आरंभिक कक्षाओं में पढ़ाने के उद्देश्य से ऐसी सूचियाँ भी बहुत उपयोगी हो सकती हैं। इस प्रकार स्रोत की पूर्व धारणा से हम अपना कार्य-क्षेत्र सीमित कर लेते हैं और उसी के अन्दर सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं।

2.3—समान स्रोतीय शब्द विश्लेष्य भाषाओं तथा अन्य किसी भाषा के हो सकते हैं। यहाँ अरबी, फ़ारसी, पुर्तगाली, अंग्रेज़ी आदि शब्द भी लिये गये हैं। विश्लेषणार्थ वे ही शब्द लिये गये हैं, जो स्वतंत्र हैं और कोशगत अर्थ रखते हैं। इस संदर्भ में शब्दिम (lexeme) की चर्चा उपयुक्त होगी। हॉकेट के अनुसार शब्दिम शब्द-जैसा रूप है। कोई भी 'शब्द', जो किसी संदर्भ (context) में अपने से बड़े 'शब्द' का निकटम घटक नहीं है, एक शब्दिम है। करना, करता, किया, करो, आदि 'कर' धातु से बने शब्द एक शब्दिम में आते हैं। एक शब्दिम का एक ही मूल अर्थ होता है। शब्दिम में एक धातु

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

के अन्य व्युत्पन्न (derivative) शब्द भी आते हैं, जो कोशगत अर्थ की दृष्टि से भिन्न हो जाते हैं, जैसे बुरा (वि)–बुराई (सं), डाँट (सं)–डाँटना, (क्रि) आदि। यहाँ, इस कार्य में तुलना की दृष्टि से शब्दिमों की ही प्रविष्टियाँ दी गयी हैं और तमिल भाषा में हिंदी धातु से बनने वाले देशी व्याकरणिक रूप भी, उनकी अर्थ-संबंधी विशेषता को जानने के लिए दिये गये हैं।

2.3.1. अस्वतंत्र पदों को यहाँ लिया नहीं गया है, यद्यपि उनके संबंध में विश्लेषण हुआ है। जैसे[मध्य] के संबंध में 'मध्यस्थता' आदि शब्दों को लिया गया है। किन्तु 'स्थ' के आधार पर बनने वाले शब्दों को लिया नहीं गया है। इन अस्वतंत्र पदों का विवेचन तुलनात्मक पद विज्ञान में प्रमुख हो सकता है और शब्द विज्ञान में वह उपयोगी नहीं होगा। इस दृष्टि से यह बात रोचक है कि उधार लिये हुए पद भी, स्वतंत्र रूप से, स्वतंत्र अर्थ में, देशी शब्दों के साथ मिलकर नये शब्दों का निर्माण करते हैं, [स्थ] तमिल के 'उटैमै' (भाव०-रखना) के साथ 'वाला' के अर्थ में 'उटमस्तन'[16] (मालिक) का अर्थ देता है।[17]

2.4––स्रोत निश्चित करने में निम्नलिखित चार आधार काम आये हैं।

2.4.1––पहला आधार ध्वनि का है। जहाँ किन्हीं शब्दों में विदेशी ध्वनियों या विदेशी भाषा की ध्वनि-पद्धति का पुट दिखायी पड़े, वहाँ शब्द के विदेशी होने की संभावना अधिक रहती है। /ष/ तथा उसके गुच्छ तमिल में उधार की ध्वनियाँ हैं। जैसे, शब्दारंभ में /ग ब ज द/ शब्द में/, ब्द, द्व, द्द ब्ब, स + व्यंजन आदि गुच्छ /, पुरानी ध्वनियों के लिए नये विकसित वर्ण (या ध्वनि-रूप) जैसे /ट्च/ (क्ष), /क्ञ/ (ज्ञ) आदि नये प्रयोग और अनियमितताएँ शब्द के स्रोत का अनुमान देते हैं। यहाँ द्रष्टव्य है कि बहुधा शब्द का हिज्जा इस अनियमितता को नहीं दिखाता बल्कि बोलने वालों का भाषायी व्यवहार कई वर्षों से इसे परम्परा के रूप में अपनाता चला आ रहा है। तमिल भाषी मूल, उधार लिये उच्चारण के अनुसार 'डब्बा' कहता है, जब कि उसकी लिपि-पद्धति और ध्वनि-पद्धति के अनुसार वह 'टप्पा' ही है। भाषा की ध्वनि-प्रकृति के अनुसार किसी विदेशी ध्वनि या गुच्छ का किसी स्थान पर न आना भी, निषेधात्मक रूप से उसके विदेशी होने का प्रमाण देता है। तमिल में शब्दारंभ में/र, ल/का प्रयोग नहीं होता था, तो शब्दों में पूर्व-स्वरागम होता था। ऐसे शब्द हैं, उलोकम्, उरोमम्, इलक्कियम् आदि। शब्दारंभ में /प्र/ के न आने से स्वर-भक्ति के कारण /पिर/ का रूप मिलता है। इन निषेधों से शब्द को पहचान सकते हैं। प्रायः स्वर-भक्ति को हटाकर गुच्छ पहचान लें, तो शब्द पहचान में आ जाता है। जैसे 'किरुत्तिरिमम्' का रूप 'कृत्रिम' समझ में आ जाता है। इस प्रकार के शब्दों में वैषम्य की नियमितता (regularity of correspondence) का होना हमें विश्लेषण में सहायता देता है। /ह/ के शब्दारंभ में न आने के कारण अत्तु (हद), आरम् (हार), एट्टु (हेड) आदि स्वरारंभ शब्दों को समान रूप से पहचाना जा सकता है। कई संस्कृत स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में /आ/ तमिल में/ ऐ / हो जाता है। यह परिवर्तन बाद में हिंदी शब्दों में भी होने लगा। इस नियमित परिवर्तन से इन शब्दों के मूल रूप को पहचाना जा सकता है, जैसे रवा (रवा), चालै (शाला), मुकरै (मुखड़ा), मुत्तिरै (मुद्रा), कारै (गारा) आदि। इस आधार का मुख्य दोष यह है कि भाषा विदेशी शब्दों को अपनी प्रकृति के अनुसार बदलती है। इस कारण प्रायः विदेशी और देशी शब्द अलग-अलग नहीं दिखायी देते। मैंने कंटा (उ० कंडा) (घंटा) जैसे शब्दों में बहुत कोशिश करके साम्य को पाया है, जिसे दूर की कौड़ी लाना भी कहा जा सकता है। क्योंकि क, ट दोनों स्थानों में क्रमशः 7 और 4 के योग से 28 शब्दों[18] (या कम से कम 16) में से स्रोत का निर्णय करना पड़ेगा। वैसे 'कंडा' का उच्चारण पूर्णतः देशी है।

2.4.2––निषेध आदि पदग्रामीय प्रक्रियाएँ [अ-अन्- निर्-] आदि के योग तमिल भाषा में उधार के हैं। इसी प्रकार [-स्थ, दुर्-, -ज्ञ, सं-,प्र-, परि-, अव-] आदि पद इनसे बने शब्दों के विदेशी होने का अनुमान देते हैं। जैसे दिन से 'तिनचरि' के 'चर्या' पद को जानने में मदद मिलती है। तमिल में 'प्रांत' नहीं है, लेकिन [ईय] के

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कारण 'प्रांतीय' समझ में आ जाता है। [स्थ] से 'योग्यस्थ' (ईमानदार व्यक्ति), 'कार्यस्थ' (सचिव) आदि शब्द पहचाने जाते हैं, यद्यपि ये शब्द हिंदी में नहीं हैं। [वन्त] रूप तमिल में अपना निर्दिष्ट अर्थ नहीं देता। फिर भी 'बलवंत' (जबर्दस्ती से), 'बलवान' के सादृश्य तथा पदों के उच्चारण और क्रम के आधार पर पहचाना जा सकता है।

इस आधार का मुख्य दोष यह है कि आवर्तक (recurrent) पदों की संख्या बहुत कम है। सभी शब्दों को इसके आधार पर पहचाना नहीं जा सकता। उधार के पदों से 'भूसंधि' आदि नये शब्दों के निर्माण तथा देशी शब्दों के साथ योग आदि प्रक्रियाओं से भी कठिनाई होती है। विश्लेषणकर्ता को इन दोनों स्थितियों के लिए तैयार होना चाहिए।

2.4.3—**अर्थ** : यह सूची भिन्नार्थी शब्दों की है, तथापि अर्थ का विवरण स्रोत-निर्धारण में सहायता देता है। 'ममता' दोनों भाषाओं में 'मम' की भावना पर आधारित अर्थ रखता है, यद्यपि दोनों में अर्थ भिन्न है। अर्थ संकोच, अर्थ विस्तार, अर्थादेश आदि पुराने सिद्धान्तों का यहाँ उपयोग हो सकता है। तमिल में 'संबंधी' दाम्पत्य के संबंध को भी प्रकट करता है; 'जगह' निवास स्थान के अर्थ में आता है; 'लोह' समस्त धातुओं का बोध कराता है, 'बटवारा' किसी भी बाँटने, देने के कार्य को सूचित करता है; 'निर्वाण', व्यंग्यात्मक रूप से जैनों-बौद्धों के उस बाह्य रूप का वर्णन करता है, जिसमें जैन-बौद्ध भिक्षु शायद दीखते थे (द्र. पाखंडी); 'कूजा' आकार में भिन्न दूसरी, किंतु समानधर्म वस्तु का प्रत्यय उत्पन्न करता है। इस प्रकार अर्थ का विवरण शब्दों के संबंध को प्रकट कर देते हैं। 'विकास, तीव्र, परवाह, समाधान, गुण' आदि शब्द दोनों भाषाओं में मिलते-जुलते अर्थ-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस कारण इन्हें पहचानना कठिन नहीं है।

पूरी सूची को एक नज़र देख जाने पर मालूम होगा कि सूची में बहुत कम शब्द ऐसे हैं, जो दोनों भाषाओं में पूर्ण रूप से भिन्न अर्थ क्षेत्र रखते हैं। यहाँ तक कि 'खिलाड़ी'[19] का बदमाश होना भी समानता रखता है। हिंदी के मुहावरे 'खेल खेलना' से हम लोग परिचित ही हैं। 'शासन' का वर्तमान अर्थ शिला लेखों के संदर्भ में विकसित हुआ। शासन की बातें, राज्यादेश शिला पर खुदते थे और फिर वही शिला 'शासन' हो गयी। मुख्य गायन-कार्यक्रम के बीच में छोटे गीत या पत्रिका के कलेवर में चुटकुले आदि टुकड़ों की तरह चिपके हुए होते हैं। इससे इन्हें 'तुक्कटा' नाम मिला है। वैसे अर्थ के संबंध का यह बात निष्कर्ष नहीं, अनुमान मात्र है। इस प्रकार के शोध कार्यों में निष्कर्ष तक पहुँचने में अनुमान साधन के रूप में बहुत मदद करता है। केवल उसके आधार पर कोई सिद्धान्त नहीं बनाना चाहिए।

उपर्युक्त तीनों आधार परस्पर संबद्ध हैं। ध्वनि-रूप-अर्थ के संबंध में कई शब्दों को पहचाना जा सकता है। 'पिरकिरुति' में ।प्र। का ।पिर।, [प्र] का उपयोग तथा दोनों शब्दों में स्वभाव का अर्थ हमें एक स्रोत का विवरण देते हैं।

2.4.4—जहाँ एक शब्द का अर्थ हमारी पूरी सहायता नहीं कर पाता, वहाँ एक अर्थ क्षेत्र से संबंधित शब्दों के वितरण से भी अनुमान लग सकता है। 'पशु' और 'मृग' शब्दों के वितरण से (दे० 3.9,1) हम इन शब्दों के रूप को समझ सकते हैं। 'नागरिक' शब्द नगर से, नगर के निवासियों से संबंध रखता है और सभ्यता (culture) से दूर का ही संबंध रखता है। इन शब्दों के अर्थ-साम्य तथा स्रोत को हम दोनों भाषाओं में एक ही प्रयोग से जान पाते हैं—**सिंधु घाटी की सभ्यता सिंधु-घाटी का 'नाकरिकम्'** इस समान प्रयोग के कारण 'नागरिक' का, सभ्यता से संबंध होने का अनुमान मिलता है और इस शब्द का दूसरा अर्थ 'फैशन' नगर के साथ सभ्यता के संबंध को प्रकट करता है। हिंदी में भी 'व्यवहार की सभ्यता' का उल्लेख होता है। इस प्रकार अनुमान से एक और शब्द पहचान लिया जाता है। इसी तरह **'अपात्र'** की तुलना में **'अभांड'** की रचना स्पष्ट होती है। (दे० प्रविष्टि 58)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

2.4.5—उपर्युक्त आधारों की पुष्टि में बाह्य साक्ष्य योग देते हैं। कई शब्दों के बारे में हमें मालूम है कि उनका प्रयोग किस अवसर पर, किस अर्थ में बाहर से लिया गया। 'मोटर, टिकट, फैन' आदि शब्दों के स्रोत के बारे में हमें कोई संदेह नहीं है, क्योंकि ये प्रत्यय आधुनिक हैं और उनके साथ ही शब्द चले आये हैं। वकील और वकालत आदि शब्द इन विचारों के साथ ही आये हैं। इनमें दोनों भाषाओं में वकील समान अर्थ में चलता है। इसके आधार पर दूसरा व्युत्पन्न शब्द वकालत स्पष्ट हो जाता है।

2.4.5.1—शब्दों की व्युत्पत्ति के बारे में 'शासन' के संबंध में देख चुके हैं (दे० 2.4.3)। भाषा के ऐतिहासिक अध्ययन से शब्दों के अर्थ परिवर्तन का क्रम समझ में आ सकता है। जब कोई भाषा दूसरी भाषाओं से शब्द उधार लेती है, तो उसके अर्थ-क्षेत्र के साथ नहीं, बल्कि किसी विशेष अर्थ में। फिर स्वतंत्र रूप से अपने अर्थ-क्षेत्र का विकास करती है। भाषा के इतिहास से उधार शब्द के मल अर्थ तथा उसमें अर्थ परिवर्तन की दिशाएँ स्पष्ट हो सकती हैं। इस प्रकार इतिहास के प्रमाण से शब्द के स्रोत का पता लग सकता है।

2.4.5.2—व्युत्पत्ति के संबंध में हमें सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि उधार के रूपों में ध्वनि-परिवर्तन, विभिन्न कालों में उधार आदि बातों से शब्दों की ठीक रूप से तुलना न करें, तो निष्कर्ष में दोष आ सकता है। 'विभूति' शब्द ही 'भभूत' बना। इस कारण 'भभूत' और 'विपूति' तुलनीय हैं। 'पक्ष' के दो तमिल रूप मिलते हैं 'पक्कम्' और 'पट्चम्', जिनमें पट्चम् बाद का है। दोनों की हिंदी 'पक्ष' से ही तुलना होगी। तमिल में 'पाख' के अभाव में 'पक्कम्' का स्रोत (या समान रूप) 'पाख' नहीं होगा,[20] न हिंदी 'पाख' के अनुसार तमिल में 'पाकम्' रूप ही मिलता है। 'क्षीर' शब्द तमिल में लिया गया होता, तो उसका रूप 'क्षीर' या 'शीर' होता, क्योंकि और कहीं /क्ष/ का /क/ रूप नहीं मिलता। इसलिए 'कीर' रूप का संबंध 'खीर' से ही है। इस कारण ये दोनों ही तुलनीय हैं। तमिल का 'चित्तम्' शब्द 'चित्त' और 'सिद्ध' दोनों से संबंध रखता है। उसकी दोनों से अलग-अलग तुलना होगी। इन बातों को पहले से देख लेना आवश्यक होगा।

2.4.5.3—'wit' और 'वेद' शब्दों में भ्रामक व्युत्पत्ति का दोष हो सकता है। तमिल में 'विट्टु' का अर्थ चुटकुला है, जो अंग्रेजी 'wit' से निकला है। यह शब्द धात्वर्थ में संस्कृत 'वेद' (ज्ञान) से संबंधित है। फिर भी विट्टु और वेद दोनों की तुलना नहीं कर सकते, क्योंकि हम ऐतिहासिक रूप से जानते हैं कि दोनों का स्रोत भिन्न-भिन्न है।

2.4.5.4—दोनों भाषाओं की शब्दावली में ही हमें बाह्य-साक्ष्य मिलता है। हिंदी में रंग के अर्थ में 'वर्ण' नहीं है (दे० प्रविष्टि 725)। लेकिन 'विवर्ण' समानता का इशारा करता है। 'वैदिक' और 'लौकिक' दोनों शब्दों के प्रयोग की विशेषताएँ (वेद संबंधी तथा लोक व्यवहार संबंधी) हमें मूल अर्थ का संकेत देती हैं। हिंदी 'लक्षण ग्रंथ', 'लक्ष्य ग्रंथ' आदि प्रयोगों के आधार पर 'लक्षण' तथा तमिल 'लक्ष्य' के स्रोत का पता चल पाता है।

2.4.4.5—दूसरे प्रकार का बाह्य साक्ष्य अन्य भाषाओं में मिलता है। उन भाषाओं में शब्द के उच्चारण, लिपि, अर्थ आदि विशेषताओं के निकट साम्य से स्रोत निश्चित करना आसान होता है। इनमें दोनों भाषाओं के बीच की कड़ी भी मिल जाती है। इस प्रकार के साक्ष्यों का उल्लेख शब्दों के सामने किया जाता है। इस प्रकार के साक्ष्य के अभाव में 'संज्ञा' 'असह्य' (दे. प्रविष्टियाँ 280, 20) की तुलना संभव न होती और 'तुक्कटा' की तुलना का संदेह रहित आधार नहीं मिलता।

2.4.6—जहाँ कोई आधार समझने में नहीं आता और स्रोत की समानता की पुष्टि नहीं होती, वहाँ केवल अनुमान के आधार पर तुलना की गयी है। 'पुकार, अति, चलनम्, अतप्पु, चालरम्, पिरचुरम्' आदि शब्द इस कोटि में आते हैं और इन संदिग्ध शब्दों को प्रश्न चिह्न के साथ दिया गया है। हो सकता है बाद में पुष्टि में कहीं से कोई प्रमाण मिल सके।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

2.4.6.1––जहाँ अन्य आधारों के अभाव में अर्थ की अधिक भिन्नता आ जाती है, वहाँ अनुमान भी काम नहीं देता। इस कारण संभव है कि तमिल के ऐसे बहुत से शब्द हमेशा के लिए खो गये हों और कुछ को फिर से ढूँढ़ निकालने के लिए कहीं से कोई साक्ष्य मिल सकते हों। उदाहरण के लिए अंतस्तु (गौरव), काणिक्कै (निवेदन), आत्तिरम् (चिढ़, गुस्सा), मायम् (जादू), किलम (टूट-फूट), आस्ति (संपत्ति), चवरट्चणै (शऊर, शान), आदि शब्दों के स्रोत का पता नहीं चला है, यद्यपि ध्वनि तथा पदों की अद्रविड़ प्रकृति के कारण ये शब्द उधार के दिखायी पड़ते हैं। आवश्यकता इन शब्दों को ढूँढ़ निकालने की है, क्योंकि इन्हीं में अर्थ-भेद के नये स्वरूप देखने को मिलेंगे। अन्य द्रविड़ भाषाओं के संदर्भ में भी ऐतिहासिक अध्ययन किया जाये, तो संभव है, इनमें कुछ शब्द स्पष्ट हो सकेंगे।

3.0 अर्थ की तुलना

3.1––यहाँ दोनों भाषाओं के अर्थ विज्ञान का तुलनात्मक स्वरूप, जो इस सूची से निकला है, प्रस्तुत करने का यत्न करूँगा। इस कार्य की आवश्यकता या उद्देश्य के प्रति अधिक कहने की आवश्यकता नहीं है। वैज्ञानिक विश्लेषण के साथ-साथ इसका व्यावहारिक उपयोग भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। भाषा बोलने वाला अपने दिमाग़ में शब्द और उसके संबंध में अर्थ का तथा अर्थ की संरचना का स्वरूप बिठा चुका होता है। इस स्थिति में दूसरी भाषा सीखते समय इससे भिन्न कोई स्वरूप उसे कठिनाई में डाल देता है। भाषा सीखने वाले को सबसे अधिक कठिनाई अर्थ के सूक्ष्म भेदों के कारण होता है। सामान्य रूप से मोटे भेद, जैसे अवसरम्-जल्दी उसे शीघ्र मालूम हो जाते हैं। लेकिन अनाधिकार (चेष्टा) जैसे प्रयोगों में उसे बहुत दिन तक कठिनाई होती है। मेरा अनुभव है कि एक शब्द और उसका अर्थ सीखने की अपेक्षा उस शब्द के विभिन्न रूप सीखना अधिक कठिन होता है। संस्थान के कई छात्राध्यापकों को साल के अंत तक 'लाग' (∠ √ लग), 'जँचना' (जाँच) आदि शब्दों का प्रयोग तथा 'निंदात्मक' और 'निंदास्पद' का भेद नहीं मालूम था। मुहावरों और रूढ़ प्रयोगों में भी अधिक कठिनाई होती है। उन्हें कर डालना, कर देना, मन करना, मन मारना आदि प्रयोगों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं थी। इस प्रकार कुछ कठिनाइयों की ओर यहाँ इशारा हो सकता है।

3.2––शब्द-प्रयोग की प्रमुख और प्रथम कठिनाई उन शब्दों की है, जो भिन्न अर्थ रखते हैं। जैसे तमिल में शब्द 'पशु' (गाय), 'मृग' (जानवर), 'अवसरम्' (जल्दी), 'अपेक्षा' (प्रार्थना) आदि। इस प्रकार की सूची प्राथमिक ही होगी, क्योंकि कोई शब्द केवल एक ही अर्थ रखता हो, ऐसा नहीं होता। हर शब्द दूसरी भाषाओं से भिन्न कई अर्थ रखता है। भाषा के प्रयोग के आधार पर उसके प्रयोग में हमेशा अंतर दिखायी पड़ेगा। जैसे 'गाय' कहते ही हमारे मन में कई अर्थ उभरते हैं।

3.3––गाय––1––वह जानवर (जिसे हम देखते हैं, जिसे अभी नाम नहीं दिया गया है।)
2––'लछमी', गोपाल की गाय (एक निश्चित जानवर)
3––'मुझे गाय लेनी है' (उस वर्ग का कोई एक सदस्य)
4––'गाय दूध देती है' (पूरा वर्ग, जो भैंस, बैल आदि अन्य वर्गों से भिन्न है)
5––'गाय पालते थे' (गाय, बछड़े, बैल आदि भी)
6––गाय–बैल (समस्त प्राणी वर्ग, जिसके ये दोनों प्रतिनिधि हैं)
7––'उनके पास गायें, घर, खेत थे' (संपत्ति)
8––'वह तो गऊ है', 'निरा बैल है' (स्वभाव का प्रतीक)

ये सभी अर्थ प्रत्ययात्मक, सांस्कृतिक तथा भाषायी होते हैं। यहाँ पहला अर्थ भाषाओं में न हो, तो तुलना का कोई सवाल ही नहीं है। वस्तु का अभाव शब्द का अभाव बताता है। शेष तीन अर्थ प्रत्ययात्मक हैं, जो

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

भाषा-मात्र के लिए सामान्य हैं। लेकिन इनकी भी भाषा के प्रयोग में विशिष्टता है। (दे०3.4) हिंदी में गायों के प्रचलित नाम धौरी, श्यामा आदि हैं, जो तमिल में नहीं हैं। अन्य अर्थ व्यवहार पर आधारित हैं, जो संदर्भों में प्रकट होते हैं। एक दूसरा शब्द 'रोटी' लिया जा सकता है। 'वह रोटी फेंक दो', 'आपने रोटी खा ली ?' 'मेरी रोटी कैसे चले ?', 'मैं रोटी खाता हूँ' (भात या खिचड़ी नहीं), 'गेहूँ की रोटी' (जो जौ, मक्के की रोटी से भिन्न है), 'बेटी-रोटी का संबंध', 'रोटी कमाना' आदि कई अर्थों में यह प्रयुक्त है। तमिल भाषी रोटी के अपने जीवन में विरल प्रयोग के कारण 'रोटी' के इन सभी अर्थों से अनभिज्ञ होगा, यद्यपि ये विचार वह 'भात' शब्द से बना लेता हो, (लगभग ये सभी अर्थ किसी न किसी रूप में भात से बन जाते हैं)। तमिल 'रोटी' और हिंदी 'रोटी' की तुलना करते समय ये भेद सामने आने चाहिए। 'गाय', 'रोटी' से संबंधित विचारों को तो इस कार्य में सूक्ष्म रूप से देखा नहीं जा सकता। परन्तु मोटे-मोटे अर्थों को, जो दोनों भाषाओं में संदर्भों में प्रकट होते हैं, हम स्पष्ट कर सकते हैं।

3.4––भाषा का हर शब्द अपना विशेष अर्थ-क्षेत्र रखता है। केवल कुछ ध्वन्यात्मक शब्दों को छोड़कर, जिनकी व्युत्पत्ति निश्चित नहीं होती, अन्य शब्दों के अर्थ का विश्लेषण हो सकता है। सामान्य तमिल भाषी के लिए ठाकुर, गांधी राष्ट्रीय जीवन के विशेष व्यक्तियों के नाम हैं। कुछ प्रदेशों में ये विशेष जातियों के लिए सामान्य शब्द हैं। गुजरात में गांधी (पंसारी) ऐसे वर्ग के लिए भी आता है, जो व्यापारी है। हिंदी में 'ठाकुर' उस वर्ग के गुणों का प्रतिनिधि भी है। 'अरे, वह है पूरा ठाकुर।' इन प्रयोगों में हम अंतर देख सकते हैं। तमिल में 'बृहस्पति' व्यंग्यात्मक रूप से बेवकूफ़ के लिए आता है। हिंदी में 'पाखंडी', 'पोंगा' आदि द्रष्टव्य हैं। 'हरिश्चन्द्र' व्यंग्य में झूठ बोलने वाले के लिए आता है। घटोत्कच, भीम आदि झिड़कने के लिए आते हैं। हिंदी में ख़ुदा और भगवान के प्रयोग में अंतर किया जाता है, जब कि भगवान एक ही हैं। (द्र०खुदा ∠ स्वधा)। इसी प्रकार 'शनि' आदि शब्द समान धर्म (contingency) के कारण कुछ विशेष गुणों के लिए आते हैं। 'पीड़ा' शब्द पीड़ा देने वाले किन्हीं कारणों का प्रतिनिधि हैं, इसलिए इन दोनों शब्दों का, मुसीबत व्यक्त करने या झिड़कने के लिए प्रयोग होता है। सूची में ऐसे कुछ प्रयोग भी दिखाये गये हैं। जानवरों के नाम विशेष गुणों के प्रतिनिधि हैं। हिंदी में जिस अर्थ में (घृणा के साथ) 'सुअर' प्रयुक्त होता है, उस अर्थ में तमिल में 'कुत्ता' का प्रयोग होता है। तमिल में 'पिशाच, प्रेत, कुत्ता, सुअर, बैल, बन्दर, गधा' झिड़कने के शब्द हैं तथा 'आँख, सोना, मणि, तोता, बछड़ा, पिल्ला' आदि बच्चों के लिए प्यार के संबोधन के शब्द हैं।

कुछ शब्दों में अर्थ का परस्पर संबंध भाषाओं में भिन्न-भिन्न हो सकता है। पास और दूर का विलोम तो स्पष्ट है, लेकिन किन्हीं संदर्भों में यहाँ व्यतिरेक का लोप हो जाता है। कुछ उदाहरण देखें :

मेरा घर पास है, लेकिन उसका दूर।

वाह, घर कितना पास है ! ओफ़, घर से स्टेशन कितनी दूर है !

3909

आपका घर पास है ? नहीं, दूर है।

आपका घर दूर है ? नहीं, पास ही है।

आपका घर कितनी दूर है ? पास ही में है, दूसरा ही घर है 1 मील दूर है, 200 मील दूर है।

अंतिम प्रश्न में पास-दूर का व्यतिरेक नहीं है। लेकिन ऐसे प्रयोगों को शब्दावली में नहीं, समग्र भाषा के प्रयोगों में ही देख सकते हैं।

3.5—शब्दों को उधार लेने वाली भाषा किसी विशेष अर्थ में उसे ग्रहण करती है। कभी केवल एक अर्थ को लेती है, कभी किसी सामान्य अर्थ को। जैसे तमिल 'पुष्टि' पुष्ट होने के भाव को प्रकट करता है, पुष्टि करने को नहीं। कई शब्द मूल अर्थ से भिन्न अर्थ को ही ग्रहण करते हैं। जैसे 'नियति, जमा, जाग्रत',

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

आदि। तमिल में 'आशा' के अर्थ को प्रकट करने के लिए पहले से 'नंपिक्कै' शब्द है। इस कारण 'आशा' इच्छा के लिए प्रयुक्त होने लगा। प्रायः भाषाओं के शब्द पुराने अर्थों को छोड़कर नये अर्थ ग्रहण कर लेते हैं और पुराने अर्थ कहीं किसी यौगिक शब्द रूप में ही दिखायी पड़ते हैं। 'समाज' के लिए हिंदी का 'society' का अर्थ नया है। उसके पास कीर्तन समाज, आर्य समाज आदि पुराने अर्थ वाले कुछ शब्द अवशेष रूप में हैं। तमिल ने इस नये अर्थ को 'समूह' शब्द को दिया है और वर्तमान हिंदी 'समूह' का अर्थ कुछ-कुछ तमिल में 'समाज' से व्यक्त होता है। इस प्रकार की व्यवस्था कई शब्दों में दिखायी पड़ती है।

3.6.1—भाषाओं में अपनी आवश्यकता के अनुसार पुराने पदों से नये शब्द विकसित करने की शक्ति भी होती है। तमिल भाषा में 'कला शाला' सुनने वाला उसके अर्थ तक नहीं पहुँच पायेगा, यद्यपि कला और शाला दोनों ही हिंदी में हैं। तमिल भाषा जुकाम के लिए 'जलदोष' का प्रयोग कर सकता है और यह शब्द उसे उतना ही हिंदी का लगता है, जितना 'काव्य दोष' या 'जल प्रपात'। लेकिन हिंदी भाषी इस अर्थ को पहचान नहीं पायेगा। इसी प्रकार अभांड, योग्यतांश (प्र. 618) सवाल-जवाब (प्र. 296) आदि शब्द नये अर्थ में बने हैं।

3.6.2—नयी पारिभाषिक शब्दावली में दोनों भाषाओं में अंतर होना स्वाभाविक है, क्योंकि यह दोनों भाषाओं में प्रायः स्वतंत्र विकास है। इसमें पुराने शब्दों को नया अर्थ दिया जाता है, जैसे तमिल समूह (society) निरूपण (demonstration). पारंपर्य (आनुवंशिकता) आदि और कई नये रूप विकसित कर लिये जाते हैं, जैसे योग्यतांश (अर्हता), भूसंधि (भूडमरू मध्य), नगर विस्तरिप्पु (city development) गुणातिशय (characteristics) आदि।

3.7—तमिल ने अवसर के अर्थ में 'संदर्भ' को लिया है, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि तमिल में 'अवसर' का अर्थ भिन्न होगा। यही क्रम मर्यादा-आदर, श्रद्धा-ध्यान, दर्शन-तत्त्व, लोह-धातु, प्रेम-अभिमान, रोम-कंबल, निज-सत्य आदि कई शब्दों में देखने को मिलता है।

इस व्यवस्था का मुख्य कारण है, शब्दों का व्यतिरेकी इकाई के रूप में कार्य करने का गुण। हर शब्द दूसरे से कुछ भिन्न अर्थ में आता है। इसलिए इनमें अर्थ का यह वितरण होता है। व्यतिरेक का अर्थ विलोम नहीं है, बल्कि प्रकार्य की भिन्नता ही है। (दे० 1.8.2)। इसलिए किन्हीं दो शब्दों में बहुत सूक्ष्म अंतर मात्र दिखायी पड़ता है, जिसे केवल प्रयोगों में ही स्पष्ट कर सकते हैं। जैसे 'विकास' और 'विस्तार' दोनों सामान्य-रूप से हिंदी का जैसा ही अर्थ रखते हैं। लेकिन 'विकास' केवल फूलों के संदर्भ में, बढ़ने के अर्थ में आता है, शहर के विकास के संदर्भ में 'विस्तार' आता है और मनुष्य के विकास (evolution) के संदर्भ में 'परिणाम'। तमिल 'विश्वास' और हिंदी 'विश्वास' में मौलिक रूप से अर्थ-भेद है। तमिल में विश्वास 'belief' के लिए नहीं आता। तमिल का प्राथमिक अर्थ कृतज्ञता का है। लेकिन अकृतज्ञ होना भी एक प्रकार का विश्वासघात ही है। इस कारण **विचुवाचम् इल्लात** ('विश्वास' रहित) तथा विश्वासघात ये दोनों अर्थ यहाँ आकर एक केन्द्र में मिल जाते हैं और पाठक के मन में समान अर्थ क्षेत्र का भ्रम उत्पन्न करते हैं। ये अंतर विलोम या पर्याय के परिप्रेक्ष्य में बहुत कम स्पष्ट हो पायेंगे और व्यतिरेक का सिद्धान्त ही इन्हें स्पष्ट बता पायेगा।+

+—इस संदर्भ में ही अर्थ संकोच, अर्थ विस्तार आदि अर्थ-प्रक्रियाएँ लागू हो सकती हैं। लेकिन 'संकोचन' या 'विस्तार' शब्दों से प्रक्रिया का बोध होता है, जब कि उधार में ये प्रक्रियाएँ नहीं होतीं। संकोच या विस्तार का भाव अर्थ वितरण में संयोग मात्र है। वितरण की प्रक्रिया का ही यहाँ विस्तार में विवेचन किया गया है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

3.8—यदि अर्थ की हम कोई 'अर्थिम' इकाई दे पाते, तो शायद दिखा पाते कि किस प्रकार 'समर्थिम' के लिए भिन्न-भिन्न शब्द गढ़ लिये जाते हैं और कैसे दो भाषाओं में यह प्रक्रिया समान रूप से चलती है। यदि कोई अर्थ हमारे पास है, तो हम आवश्यकतानुसार उसका विलोम बना लेते हैं। उधार लिये शब्दों में व्युत्पन्न अर्थों के लिए स्वतंत्र रूप से समान शब्द-रचना होती है। जैसे तमिल में 'आदर' का अर्थ है सहारा। इसलिए बेसहारा, असहाय के लिए 'अनादर' का प्रयोग होता है। उधार के शब्दों में निः–, दु–, अ–आदि रूपों से शब्द बनते हैं, जो मूल अर्थ का बोध कराते हैं। दे० आदर, बोधन, गति आदि। लेकिन यह बात उन शब्दों पर नहीं लागू होती, जो व्युत्पन्न रूप में ही उधार लिये जाते हैं। तमिल में 'बंध, आशा, धर्म' तीनों से भिन्न अर्थ में 'निर्बंध, निराशा, अधर्म' का प्रयोग होता है। संभव है ये तीनों विलोम ही स्वतंत्र रूप से उधार लिये गये हैं। इसी तरह तमिल में 'आतुर' का अर्थ 'कामातुर' में व्यक्त नहीं होता।

शब्दों की काफ़ी व्यापक अर्थ में प्रयोग की आवश्यकता होती है। प्रेम की भावना दो व्यक्तियों से हटकर मनुष्य मात्र तथा अपनी हर वस्तु से प्रेम के रूप में प्रकट होता है, जिसे, मनुष्य प्रेम, प्रकृति प्रेम, देश प्रेम आदि शब्दों में व्यक्त करते हैं। तमिल में प्रेम के संदर्भ में 'अभिमान' का प्रयोग होता है और ये सारे शब्द अभिमान से बनते हैं। (प्रविष्टि 62)। इसी तरह अवसरवादी के लिए 'संदर्भवादी', धर्म मानने वाले के लिए 'मतानुतापि', जादूगर के लिए 'विद्याकार' आदि शब्दों की रचना बहुत रोचक है।

3.9—अनुभवों की समानता के कारण दो भाषाओं में शब्द के अर्थ का विस्तार लगभग समान दिशाओं में होता है। इसका कारण यह है कि उस शब्द के माध्यम से दोनों भाषा-भाषी एक ही प्रकार के अनुभवों और विचारों को प्रकट करते हैं। 'समाधान' शब्द के चार विशिष्ट अर्थ हैं। सांत्वना देना, झगड़ा निपटाना, तीव्र आवेश की स्थिति में शांत करना, समझौता कराना। ये चारों शांति के क्षेत्र से संबंध रखते हैं। इन चारों को दोनों भाषाएँ समान रूप से लेती हैं। लेकिन तमिल का 'रोते बच्चे को चुप करना' या हिंदी का 'शंका निवारण' समान नहीं हैं।

3.9.1—हिंदी का 'पशु' तमिल का 'मृग' है।+ पशु संबंधी सभी विचार तमिल में 'मृग' से प्रकट होते हैं। पशु बल-मृगबल, पाशविक-मृग (वि), पशुत्व-मृगत्तनम्, पशुराज-मृगराज, वह तो निरा पशु है–अवन् वेरुम् 'मृगम्'।

अब तमिल 'पशु' (गाय) के प्रयोगों को देखें।

गोवध-पशुवध, गोरक्षा-पशुसंरक्षा, गोमूत्र-पशुमूत्र। इसी प्रकार के अन्य प्रयोग गोमांस, गो चारण, गो माता, गो पूजा, गो वैद्य, आदि भी 'पशु' रूप से बनते हैं। तमिल भाषा-भाषी आवश्यकतानुसार 'मृग' या 'पशु' से शब्द बना ले सकता है। सांस्कृतिक एकता के कारण ये शब्द इन भाषाओं में समान ही होंगे। इस प्रकार के शब्द विस्तार के अन्य उदाहरण हैं—आदर, तत्त्व, लक्ष्य, मंत्र, बोधन, आदि। अर्थ-भेद का कार्य इनमें केवल एक शब्द से होता है और अन्य संबद्ध रूपों में भी फैलता जाता है।

3.10—जहाँ भिन्न अर्थ वाले शब्दों को अपने अन्य रूपों की रचना की आवश्यकता होती है, वहाँ दूसरी भाषा में अर्थ भेद से उस विचार के अभाव के कारण वे रूप दिखायी नहीं पड़ते। 'आदर' के रूपों को लें।

तमिल—	आतरि	आतरकु	आतरिप्पु	आतरवालर्	निरातरि	निरातरवु	—	आदि
हिंदी—	आदर	—	—	—	—	निरादर	अनादर	आदृत आदि

तमिल के सभी शब्द हिंदी में नहीं हैं। यदि 'आदर' और 'सहायता' की 'आतरि' से तुलना करें, तो तमिल के रूपों के समान रूप हिंदी में मिल जायेंगे। जैसे आतरिप्पु (सहायता), आतरवालर् (सहायक) आदि।

+ ऐतिहासिक रूप से तमिल का अर्थ ही पुराना है। हिंदी ने अर्थ परिवर्तन किया, तो नये संदर्भों में प्रयोग भी गढ़ा। द्रष्टव्य : 496

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लेकिन उसी शब्द के स्तर पर अर्थ न होने से 'आदर' के सभी शब्द नहीं मिलते। कहीं-कहीं मिली-जुली व्यवस्था भी दिखायी पड़ती है, जहाँ पर्यायों के कारण रूपों में स्पष्ट विभाजन नहीं होता।

3.11—	वाचि	—	√पठ, √पढ़
	वाचकन्	—	पाठक
	पटित्तल्, वाचिप्पु,	—	वाचन
	पाट्म, वाचकम्	—	पाठ (lesson, text)
	पटिप्पकम्	—	वाचनालय

ऐसे स्वतंत्र-रचित शब्दों के उस शब्द के संदर्भ में दूसरी भाषा में अर्थ का अभाव दोनों भाषाओं में शिक्षण के लिए ऐसी सूची की आवश्यकता बताता है, जो भिन्न रूप-एक अर्थ वाले हैं। जैसे तमिल-असंदर्भ-वेमौके, अजाग्रत–असावधानी, असुख-अस्वस्थता, अदृष्टशाली-भाग्यवान, अश्रद्धा-लापरवाही तथा दुर्वासना-दुर्गंध आदि। हिंदी अभद्र-**आभास**, निश्चेष्ट–**अचैवट्ट**, असमर्थ-योग्यता रहित (इल्लात), अविश्वास-**अवनंपिक्कै**, तथा असाधु, असावधानी, अमान्य, अलौकिक आदि शब्द तमिल में नहीं हैं और वहाँ कोई अर्थ नहीं पायेंगे।

3.12—अर्थ-भिन्नता का यह पहलू कई शब्दों में स्पष्ट विभाजन रेखाओं में नहीं दिखायी पड़ता। हिंदी अधिकार के तीन अर्थ हैं—रोब, अधिकार करना, और हक़। इन तीनों का परस्पर संबंध इस प्रकार होगा।



रोब में व्यक्ति अधिकार करता है। हक़ हो तो ही अधिकार हो सकता है। अधिकार के कारण रोब आ जाता है। हक़ से ही रोब की भावना बढ़ती है। इनका संबंध तमिल के 'अधिकार' शब्द से अधिक प्रकट नहीं होता, क्योंकि 'अतिकारम्' में हक़ का अर्थ स्पष्ट नहीं है।+ लेकिन तमिल भाषी जब कहता है, "अतिकारमाक वरु-किरान्" (अधिकार से आता है), । तो उसमें हक़ की भावना प्रकट होती है।

3.13—इस प्रकार की भिन्नताओं को सूक्ष्म रूप में देखने के लिए हम हिंदी और तमिल के 'हद' शब्दों को ले सकते हैं ? (यहाँ मैं लोभ से नहीं, बल्कि सुविधा के लिए वृक्ष-चित्र का उपयोग कर रहा हूँ। वैसे हम देख चुके हैं कि एक शब्द के संदर्भ में यह बहुत उपयोगी साधन है।)
दोनों शब्दों के विवरण से स्पष्ट होगा कि दोनों भाषाएँ शब्दों के अर्थ का समान क्षेत्र नहीं बनातीं। बिगड़ने के अर्थ में हिंदी दूसरे ही शब्द का प्रयोग करती है और तमिल में भौतिक सीमा 'एॅल्लै' से प्रकट होती है। इस तरह का कोई वाक्य तमिल में संभव नहीं है, जो 'अत्तु' का 'हद, सीमा' के अर्थ में प्रयोग करे, जैसे, हमारे देश की हदें लंबी हैं, 'फाके की हद तक'। शब्द के अर्थ के किस अंश पर बल दे, यह उस भाषा की प्रकृति, व्यवहार और आवश्यकता पर निर्भर होती है और किसी सामान्य सिद्धान्त से निश्चित नहीं होती।

+ घोषित रूप में तो नहीं ही है। 'मेरा इस पर अधिकार' आदि प्रयोगों में 'उरिमै' का प्रयोग होगा।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh





CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

3.14—भाषा में अर्थ और शब्दों का एक अंतहीन क्रम है, जिसमें दोनों का कहीं-कहीं संबंध बिठा दिया जाता है। यह सामंजस्य एक भाषा में भी बदलता जाता है, जैसे शब्द-अर्थ की दोनों पट्टियाँ बढ़ती-घटती जाती हैं। इस क्रम-निर्वाह को हम दो भाषाओं के संदर्भ में निम्न चित्र से देख सकते हैं। वैसे चित्र कोई वैज्ञानिक मापन या क्रमीकरण नहीं है, बल्कि समझने के लिए एक काल्पनिक, सरलीकृत दृश्य-विधान है।



इस प्रकार शब्दों का संबंध बहुत दूर तक जोड़ा जा सकता है, और यह बहुत मोटे रूप में दो भाषाओं के शब्दों के संबंध को प्रकट कर सकता है।

4—कार्य की समस्याएँ

4.1 पहली समस्या क्षेत्र निश्चित करने की है। आपने देखा होगा कि यह तमिल-हिंदी कोश जैसा है और हिंदी ही सीखने वाले के लिए इसका 'बहुत' उपयोग नहीं है। इसका मुख्य कारण यह है कि एक साथ दो भाषाओं की तुलना एक कार्य में अनगढ़ तथा दुर्वह होगा। वहाँ अर्थ के ताने–बाने को अंकित करना और समझना बहुत कठिन हो जायेगा। हिंदी-तमिल के अर्थ का कोण न अपनाने का कारण यह है कि ये शब्द प्रायः आर्य स्रोत के हैं और इनके हिंदी में विविध अर्थ होंगे। तमिल में इन शब्दों के अर्थ के क्षेत्र सीमित हैं और उनका आसानी से विवरण दिया जा सकता है।

दूसरे, यह कार्य हिंदी में किया गया है और हिंदी भाषी अपनी भाषा की अर्थ-संरचना के स्वरूप से परिचित हैं। वे तुलना के स्थलों को अच्छी तरह समझ पायेंगे। इसी उद्देश्य से केवल तमिल के अर्थ दिये गये हैं। इस कार्य का उद्देश्य हिंदी सीखने वाले तमिल भाषियों के उपयोग के लिए शब्द-सूची तैयार करना नहीं है।

4.2—अर्थ कैसे दिये जायें, यह कार्य-विधि की समस्या है। मैंने केवल वे अर्थ दिये हैं, जो तमिल में प्राप्त हैं। इसका अर्थ यह है कि शेष अर्थ तमिल में नहीं हैं। इस प्रकार का भिन्न अर्थ-क्षेत्र ही हमारी तुलना का मुख्य आधार है। 'नष्ट' शब्द हिंदी की तरह विनाश या विनष्ट होने के भाव को प्रकट नहीं करता, अन्यथा वह समान अर्थ-क्षेत्र रखता है। लेकिन 'पुत्र' शोक के लिए भी 'नष्ट' का प्रयोग हो सकता है, क्योंकि वह एक क्षति (loss) है। 'सभा' और 'संघ' के अर्थ हिंदी के निकट हैं। लेकिन **'सभा'** 'union' (मज़दूर सभा) का अर्थ नहीं देता और **संघ** 'federation' (भारत संघ, जनसंघ) का नहीं। इस अन्तर को न दिये गये अर्थों में से समझना होगा, अर्थ का अभाव सूचित नहीं किया गया है। जहाँ किसी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अर्थ को एक शब्द नहीं प्रकट नहीं कर पाये, वहाँ एक से अधिक शब्द दिये गये हैं। उन शब्दों के समान अर्थ (कुल योग) को उक्त शब्द का अर्थ मानना चाहिए। 'निष्ठुर' के तीन अर्थ दिये गये हैं। तीनों में कोई इसका ठीक प्रतिपादन नहीं करता, लेकिन तीनों का सामान्य अर्थ शायद इसके अर्थ को प्रकट कर पाये। (इस संदर्भ में हमारा चित्र 3.14 इसे समझने में उपयोगी होगा।) इसी प्रकार तमिल 'तापम्' का अर्थ हिंदी के किसी एक शब्द से प्रकट नहीं होता। इन स्थलों में आवश्यकतानुसार अंग्रेजी शब्द भी दिये गये हैं, यदि उनसे अर्थ स्पष्ट हो सकें। 'ताम्तूम्' के अर्थ को 'recklessnes' अधिक स्पष्ट रूप से बता रहा है। गुणतिशय को 'characteristics' ही समझा सकता है, अन्य कोई हिंदी शब्द नहीं। इस बाह्य प्रभाव के लिए विद्वानों से क्षमा माँगता हूँ। जहाँ केवल संदर्भ से अर्थ स्पष्ट हो सके, वहाँ हिंदी वाक्य में तमिल शब्द को रखकर अर्थ स्पष्ट किया गया है। इससे संदर्भ और संदर्भ-भिन्नता दोनों समझ में आ सकते हैं।

4.3—कार्य की तीसरी समस्या स्रोत निश्चित करने की है। यदि स्रोत का विवरण न मिले, तो यह होगा कि मैंने 'हद' और 'अत्तु' में मात्र दो शब्दों की तुलना की है। इस स्थिति में कहना कठिन हो जायेगा कि किन-किन दो शब्दों की तुलना करनी चाहिए। 'हद' की तुलना 'ऍत्तु' (ठोकर मारना) या 'कत्तु' (चिल्लाना) से क्यों नहीं? 'हद' की दोनों भाषाओं में प्रयोग की विशेषताओं की तुलना, इसी आधार पर हो सकती है कि दोनों शब्द 'एक' हैं। इस कारण स्रोत के आधार से चिपके रहना अत्यावश्यक था। यदि स्रोत संबंधी विवरण ठीक न हो, तो भी तुलना का स्वरूप भिन्न हो जाता है। उस स्थिति में हम 'समाधान' के दोनों भाषाओं में समान क्षेत्र तथा भिन्नता के क्षेत्र की तुलना नहीं कर पायेंगे। यदि 'मूढ़' और 'मूटन्' की व्युत्पत्ति एक न हो तो 'अंध विश्वास' और 'मूट नंपिक्कै' की रचना की तुलना नहीं हो सकती।

4.4.1—कार्य की सबसे प्रमुख समस्या अर्थ निश्चित करने की है। इसका कारण यह है कि कई शब्दों में अर्थों का इतना अधिक संबंध होता है कि इनमें विभाजन-रेखा खींचना कठिन हो जाता है। इस संबंध में पीछे जगह-जगह विचार कर चुका हूँ। यहाँ दो-एक उदाहरणों से स्पष्ट करूँगा। 'विकास' और 'विस्तार' में अंतर करना कठिन है, क्योंकि किसी का विस्तार उसका विकास बताता है और विकास में विस्तार करने या बढ़ने का गुण निहित रहता है। इस कारण दोनों शब्द एक ही अर्थ में, एक ही संदर्भ में आ जाते हैं। 'फ़ायदा,' 'लाभ' दोनों शब्द, समान धर्म के कारण आर्थिक लाभ और अन्य किसी प्राप्ति के लिए आ जाते हैं। 'हानि' और 'नाश' के संबंध में उल्लेख कर चुका हूँ। जब हिंदी भाषी कहता है कि 'उसको तमीज़ नहीं है' वहाँ कब यह केवल सूचना देने वाला शब्द है कि किसी को जानकारी नहीं है और कब निंदात्मक शब्द हो जाता है, यह कहना कठिन हो जाता है। तमिल में प्राण, प्राणशक्ति, प्राण धारण करने की लालसा (जिजीविषा), प्राणवान् अवस्था (liveliness), प्राण धारण करने का समय, (आयु) इस समय को बनाये रखने के उपाय (गुज़ारा) आदि कई अर्थों के क्रमों को 'जीवन, जीवनम्, जीवितम्' तीनों शब्दों में बाँटना पड़ता है। इन अर्थों में इन शब्दों का पुनरावर्तन (over lapping) भी होता है। जब भाषा-भाषी से ही इनके निश्चित अर्थ के बारे में पूछा जाये, तो उसका उत्तर असंदिग्ध नहीं होगा। यही समस्या 'तापम्, परितापम्, परितवि' के संबंध में है। 'उपयोकम्, पिरयोजनम्, लापम्', इन तीनों का तमिल भाषी एक ही संदर्भ में निषेधार्थक प्रयोग कर सकता है और अपना अर्थ ('बेकार') स्पष्ट कर देता है। अपने समान धर्म के कारण इन तीनों में स्पष्ट अंतर अधिक नहीं रह जाता, जब तक कि कुछ विशेष संदर्भों में ये सीमित नहीं हो जाते। 'व्यापार में लाभ', 'आने का प्रयोजन' 'चाकू का उपयोग' आदि। तमिल खाना-पीना के संदर्भ में भी यही पुनरावर्तन द्रष्टव्य है। हिंदी जल, पानी में कोई स्पष्ट अंतर नहीं किया जा सकता है। इतना ही स्पष्ट है कि लोग प्रायः काशी से 'गंगा का पानी' नहीं लाते।

4.4.2—पिछले पैरा में भाषा बोलने वालों के अर्थ के संबंध में संदेह का उल्लेख किया है। मैंने

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शब्दों के प्रयोग के संदर्भ में भाषा-भाषियों से अर्थ जानना चाहा, तो मुझे इसमें अधिक सफलता नहीं मिली। इसी संदर्भ में हमें वर्णनात्मक अर्थ विज्ञान की आवश्यकता पड़ती है। (दे० 1.6)। विभिन्न लोगों, विभिन्न प्रादेशिक रूपों तथा अर्थ परिवर्तन की चल रही होती प्रक्रिया के कारण भी शब्दों का अर्थ निश्चित करना कठिन हो जाता है। इस संबंध में कोश हमारी अधिक सहायता नहीं करते। कोशकार का उद्देश्य बहुमुखी होता है। वह पुराने, नये, साहित्यिक, बोली के सभी अर्थों को देने का यत्न करता है। 'बृहत हिंदी कोश' में 'वर्ण' का अर्थ रंग दिया गया है, जबकि कोई हिंदी भाषी इस अर्थ में अब इसका प्रयोग नहीं करता (बोली का प्रयोग हो सकता है ?)। कोशों में दिये हुए कई अर्थों में से प्रयोग से निर्धारित अर्थों को ही तुलना के लिए ग्रहण करना चाहिए। जहाँ पुराने अर्थ में कोई समस्त या व्युत्पन्न शब्द का प्रयोग मिले, ' विवर्ण', तमिल' 'दिग्विजय' आदि, उन्हें उसी रूप में ले लेना चाहिए। उन रचनाओं से 'वर्ण' और 'विजय' को अलग कर क्रमशः रंग और जीत का अर्थ निश्चित नहीं किया जा सकता।

4.5.1—तुलना करते समय शोधकर्त्ता को भाषा की संरचना को भी ध्यान में रखना चाहिए। यदि तमिल में [स्थ, ज्ञ] आदि से भिन्न प्रकार की शब्द रचना मिले, तो उन्हें तुलना के लिए मूल प्रविष्टि में दिखा लेना चाहिये। जैसे कुटुंबस्थ (गृहस्थ), कलैज्ञन् (कलाकार) आदि। इससे दो भाषाओं की शब्द रचना पर प्रकाश पड़ेगा। हिंदी और तमिल दोनों में 'शील' तथा 'वादी' दोनों रूप स्वतंत्र शब्द भी हैं और तमिल 'गुणशील', 'संदर्भवादी' हिंदी 'प्रगतिशील', 'अवसरवादी' में बद्ध रूप भी हैं। दोनों स्तरों पर अर्थ प्रकट हो सकता है। निषेधात्मक रूपों के प्रयोग की विशेषताओं का पहले ही उल्लेख किया जा चुका है।

4.5.2—अर्थ-संरचना में बड़ी कठिनाई शब्द-वर्ग बनाने और सही रूपों की तुलना करने की है। हिंदी 'याचना' का तमिल रूप 'याचकम्' है और 'याचक' का 'याचकन्'। क्योंकि तमिल में धातु में / अम् / जोड़ने से भाववाचक संज्ञा और / अन् / जोड़ने से करने वाले व्यक्ति (agentive) का बोध होता है। इसी कारण 'वाचन–वाचकम् , वाचक–वाचकन्', 'नायकत्व–नायकम्, नायक–नायकन्' आदि शब्द रूप तुलनीय हैं। शोधकर्त्ता को बाह्य साम्य के आधार पर ग़लत शब्दों की तुलना नहीं करनी चाहिए। संज्ञा और विशेषण के भेदों में भी यह व्यवस्था देखी जानी चाहिए। शुद्ध (वि)–चुत्त, चुत्तमान, शुद्धता–चुत्तम्, स्थायी-निरंतर, निरंतरमान, स्थायित्व-निरंतरम्, इसमें तुलना समान व्याकरिणक रूपों की ही होनी चाहिए।

4.5.3—तमिल के कई शब्द संज्ञा बताये गये हैं, जो हिंदी में संज्ञा नहीं होते और उनके विशेषण और क्रिया विशेषण रूप दिये गये हैं। तमिल में प्रायः विशेषण और क्रिया विशेषण के अलग शब्द नहीं हैं। संज्ञा शब्द में परिवर्तन से ही ये वाक्य–रचना में स्पष्ट होती हैं।

चांतम्–शांति, चांतमान–शांत, चांतमाक—शांत

चांतमान इटम्–शांत स्थान

इटम् चांतमाक इरुक्किवरतु—स्थान शांत है।

चत्तमान इटम्–शोर वाला स्थान (noisy)

इटम् चत्तमाक इरुक्किरतु–स्थान शोर वाला है।

इस प्रकार इन दोनों वाक्यों में हिंदी विशेषण के स्थान तमिल में क्रिया विशेषण का प्रयोग होगा। इसी कारण कई जगह (वि) और (क्रि. वि) दोनों रूप एक ही अर्थ में दिये गये हैं।

यहाँ बहुत शोर है—इंकु ओंरे चत्तमाक इरुक्किरतु।

इसमें वाक्य–रचना ही भिन्न है। हिंदी के अनुसार इसका रूप होगा यहाँ + शोर से + है। इस अंतर के कारण ये रूप देना आवश्यक हुआ है। क्रिया विशेषण का प्रयोग दो प्रकार से होता है।

नाटकम् चुवारचियमाक इरुक्किरतु–नाटक रोचक है

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

नान् चुवारचियमाक पटित्तेन्–मैंने रुचि से पढ़ा (तल्लीनता से पढ़ा)
इस कारण हर स्थान पर सभी अर्थ देना संभव नहीं हुआ है। लगभग सभी क्रिया विशेषणों के ये दोनों प्रयोग होते हैं––'हिंदी विशेषण+है' तथा 'हिंदी क्रिया विशेषण+अन्य क्रियाएँ'। इसे भाषा के अध्येता थोड़े से अभ्यास से पहचान सकते हैं। हिंदी के सामान्य विशेषण के प्रयोग भी तमिल में इसी रचना से प्रकट होते हैं।

(बच्चा) सुन्दर है––आल़कु+आक इरुक्किरतु

सुन्दर (बच्चा)––अल़कु+आन

कहीं-कही इस रचना के रूपों में संज्ञा शब्द विश्लेषण में अलग किये भी जा सकते हैं, किंतु उनका संज्ञा के रूप में प्रयोग नहीं होता। जैसे––'अनायाचम्' का प्रयोग नहीं होता, किंतु उसी से 'अनायाचम्+आक'––'अनायास' का रूप व्युत्पन्न किया जाता है। 'अपूर्वम्, चकजम्, चूचकम्, पत्तिरम्, (भद्र) आदि रूप इसी प्रकार के हैं। इनमें संज्ञा रूपों का प्रयोग स्वतंत्र रूप में प्रायः नहीं होता, लेकिन व्याकरिणक विशेषताओं में दो और बातें उल्लेखनीय हैं। कहीं-कहीं संज्ञा रूप का ही क्रिया विशेषण जैसा प्रयोग होता है और विशेषण के दो रूप मिलते हैं––बिना अंतिम /म/ के और उसके साथ [आन] के। इनको यथासंभव सभी शब्दों में दिया गया है, जिससे इनके अर्थ स्पष्ट हो सकें। क्रिया के अकर्मक तथा सकर्मक दो रूपों की रचना भी कहीं-कहीं कुछ भिन्न है। ये रूप क्रमशः संज्ञा में [पटु], [पटुत्तु] से बनते हैं। भले इनकी संज्ञा का स्वतंत्र प्रयोग न हो।

केवलप्पटु––अपमानित होना, केवलप्पटुत्तु––अपमानित करना।

पत्तिरप्पटु–सुरक्षित होना, पत्तिरप्पटुत्तु–सुरक्षित करना, चंतोषप्पटु–खुश होना, चंतोषप्पटुत्तु–खुश करना। सूची को पूर्णतः वैज्ञानिक बनाने के लिए इन व्याकणिक रूपों को भी दिया गया है। यदि कहीं ये रूप दिये न गये हों, तो भी अध्येता अर्थ के आधार पर इनकी रचना समझ सकता है।

4.6––इस कार्य का महत्त्व वहीं तक है, जब तक प्रस्तुत शब्दों का इन्हीं अर्थों में प्रयोग होता रहेगा। पीछे विचार किया जा चुका है कि इनमें कितने शब्द सामान्य व्यवहार में आते हैं और कितने शब्द तमिल भाषा के लिए अनिवार्य हैं (दे० 1.6.0.1)। लेकिन प्रयोग का यह आधार भी बहुत दूर तक सफल नहीं लगता। भाषाएँ परिवर्तनशील हैं और आधुनिक युग में भाषाओं में यथा-इच्छा परिवर्तन किये जासकते हैं, भाषा भाषियों का स्वभाषा प्रेम, जो यत्नपूर्वक बाहरी प्रभावों को दूर रखना चाहता है, शासन की भाषा-नीति, भाषा की नये शब्दों के निर्माण की शक्ति आदि कई बातें तमिल भाषा के व्यवहार को प्रभावित करती हैं। यह निर्विवाद सत्य है कि 75 वर्ष पहले की लिखित तमिल भाषा में आज की अपेक्षा अधिक संस्कृत मूल के शब्द थे। यह भी सही है कि आधुनिक तमिल में नये, पारिभाषिक शब्दों के निर्माण में तमिल रूपों का ही उपयोग किया जाता है। इन दोनों बातों का, उक्त कार्य को अनावश्यक सिद्ध करने का संदेह स्वाभाविक है। लेकिन भाषाओं में परिवर्तन इतनी जल्दी नहीं होते और उनमें आमूल परिवर्तन अकल्पनीय है। इस कारण अनुमान कर सकते हैं उक्त शब्द, बोलचाल की भाषा में कुछ दशकों तक विद्यमान रहेंगे और कई शब्द, जो हिंदी में बात, बच्चा आदि उर्दू के शब्दों की तरह तमिल के अंग बन चुके हैं, भाषा में सदैव चलते रहेंगे।

5––**निष्कर्ष**––दोनों भाषाओं की शब्दावली का वह अंश, जिसे दोनों अपने अर्थ–संप्रेषण में प्रयोग में लाती हैं, विद्वानों के सामने प्रस्तुत है। उस अंश का उपयोग दोनों भाषाएँ कैसे करती हैं और उस उपयोग की समानताएँ और भिन्नताएँ क्या हैं; इसका विवरण मैंने भूमिका में देने का यत्न किया है। यह एक नया कार्य-क्षेत्र था और मेरे सामने कोई नमूना नहीं था। इस कारण मैं समझ नहीं पा रहा हूँ कि यह कितना

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

उपयोगी या कितना सही होगा। यह सुविज्ञ पाठकों के सामने है और मैं उम्मीद करता हूँ कि विद्वद्गण अपना अमूल्य सुझाव देकर मुझे अपने आगे के कार्य में पथ-प्रदर्शन देते रहेंगे।

